जबलपुर
सोमवार, 15 जनवरी 2024
- पौष मास शुक्ल पक्ष-4
- वर्ष : 18, अंक : 253
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 28
न्यून. 10

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं

श्रीअन्न उगाने वाले तीन करोड़ से ज्यादा किसान लाभान्वित



## केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पीएम मोदी ने मनाया पोंगल, कहा-

# हमारी उत्सव परंपरा के केंद्र में 'अन्नदाता किसान'



पीएम ने बच्ची का परफॉर्मेंस देख उसे अपना शॉल देकर सम्मानित किया और दुलारा भी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देशभर में रविवार को पोंगल उत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी काले रंग का कोट, सफेद लुंगी और कंधे पर शॉल डाले हुए नजर आए। पीएम मोदी ने यहां एक बच्ची की परफॉर्मेंस देख उसे अपना शॉल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल की शुभकामनाएं दीं।



### कई युवाओं ने श्रीअन्न पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया


पीएम मोदी ने लोहड़ी उत्सव, रविवार को मकर उत्तरायण का उत्सव, सोमवार को मनाई जाने वाली मकर संक्रांति और जल्द ही माघ बिहू की शुरुआत का भी उल्लेख किया। महान संत तिरुवल्लुवर का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार व्यापारियों और अच्छी फसल की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पोंगल के दौरान, ताजा फसल भगवान को अर्पित की जाती है, जो 'अन्नदाता किसानों' को इस उत्सव परंपरा के केंद्र में रखती है।






## खबर संक्षेप

### मप्र में हो सकता है 22 जनवरी को अवकाश घोषित



**भोपाल।** 22 जनवरी को पूरे मध्यप्रदेश सरकार राज्य में सामूहिक अवकाश घोषित कर सकती है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा और इस समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। यदि सामूहिक अवकाश की घोषणा हुई तो मध्यप्रदेश के लोगों को 3 दिन लगातार छुट्टी मिलेगी। 20 से 22 जनवरी तक तीन दिन लगातार अवकाश हो जाएगा, क्योंकि 20 जनवरी को शनिवार, 21 को रविवार पहले से है और ऐसे में 22 जनवरी को भी सरकारी अवकाश घोषित हो जाता है तो स्कूल, कॉलेज, दफ्तर हर जगह तीन दिन लगातार अवकाश हो जाएगा। सरकार ने पंचायतों में आयोजन के निर्देश दिए हैं।

### शिक्षाविद् सुमन मुक्तिबोध का निधन



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध की माताजी और प्रख्यात शिक्षाविद् श्रीमती सुमन मुक्तिबोध का निधन हो गया है। वे सरस्वती शिशु मंदिर, शिवाजी नगर, भोपाल की संस्थापक और प्रधानाचार्य थीं। जीवन पर्यंत वे शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण योगदान देती रहीं। उनके निधन पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी के कई पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रातः 9 बजे सुभाष नगर, विश्रामघाट में किया जाएगा।

## सोशल मीडिया के कमेंट पर प्रतिक्रिया न देने की सलाह भी दी

# न्यायाधीशों की सलाह: एआई का उपयोग जरूरत पड़ने पर सावधानी के साथ करें

**1500 न्यायाधीश उपस्थित रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायधिपति अभय एस. ओक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) मानवीय संवेदनाओं को प्रभावित कर सकता है। यह मानव मस्तिष्क में प्रवेश कर एक सहायक की तरह काम कर सकता है। यह किसी भी व्यक्ति के जीवन को प्रभावित कर सकता है।

राज्य न्यायिक अधिकारियों के सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों को सोशल मीडिया पर दी जाने वाली प्रतिक्रियाओं पर ध्यान न देते हुए उनके साथ घटित विभिन्न घटनाओं का उदाहरण किसी भी प्रकार से सोशल मीडिया के कमेंटों पर प्रतिक्रिया आदि न देने की सलाह दी। न्यायधिपति ओक आज रविवार को रविंद्र भवन में आयोजित मप्र न्यायिक अधिकारियों के द्विवर्षीय 10 वें सम्मेलन के दूसरे दिन समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।




### न्यायपालिका पर एआई के प्रभाव हुई विस्तार से चर्चा

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के न्यायमूर्ति रोहित आर्य और विवेक रूसिया ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए एआई का उपयोग सावधानीपूर्वक और सहायक कार्यों में करने की सलाह दी। हालांकि उन्होंने एआई का उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतने को भी कहा। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और सोशल मीडिया के न्यायपालिका पर प्रभाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग दैनिक न्यायालयीन कार्यों में एक सहायक की तरह किया जाकर यह मानव मस्तिष्क, मानवीय संवेदनाओं को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।

### सोशल मीडिया का उपयोग विधि ज्ञान बढ़ाने में सावधानी पूर्वक करें

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायधिपति एस.ओक ने एआई के संबंध में और भी कई बातों का उल्लेख किया। उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग विधि का ज्ञान बढ़ाने, अपने साथियों और परिवार वालों के स्वास्थ्य व अन्य जानकारियां लेने तथा अपनी रुचियों और अच्छे कार्यों को करने के लिए प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने न्यायाधीशों को सोशल मीडिया पर दी जाने वाली प्रतिक्रियाओं पर ध्यान न देते हुए उनके साथ घटित विभिन्न घटनाओं का उदाहरण देते हुए किसी भी प्रकार से सोशल मीडिया के कमेंटों पर प्रतिक्रिया न देने की सलाह भी दी है।

### मप्र न्यायाधीश संघ की वेबसाइड का अनावरण किया

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ की वेबसाईट का अनावरण किया गया। इस संबंध में न्यायाधीशों को आवश्यक जानकारी प्रदान भी दी गई। वेबसाइट में किन किन बातों का ध्यान दिया गया है, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि यह किस तरह से सभी के लिए उपयोगी है। मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष सुबोध जैन ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधिपति के प्रति विशिष्ट आभार प्रकट करते हुए एक नवीन तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए न्यायाधीशों को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए न्यायाधीशों को प्रोत्साहित किया। न्यायाधीश संघ के सचिव धर्मेन्द्र टाडा ने सभी का आभार माना।

## भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस को 'बड़ा झटका'

# देवड़ा ने कांग्रेस से परिवार का 55 साल पुराना नाता तोड़ा, अब एकनाथ के साथ

एजेंसी ⏭ मुंबई

वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। देवड़ा के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

मिलिंद के परिवार का कांग्रेस से 55 साल से भी ज्यादा का रिश्ता रहा है जो खत्म हो गया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उन्होंने एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का दामन थाम लिया है। इस मौके पर देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। मैं शिव सेना में शामिल हो गया। मिलिंद को हाल ही में एआईसीसी का संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वे दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर दावा करने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को ये सीट न देने पर अड़े थे। मिलिंद के कांग्रेस छोड़ने का कारण भी इसे बताया जा रहा है।

*देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन*


### मिलिंद मुरली देवड़ा के बेटे हैं

*मिलिंद देवड़ा अनुभवी राजनेता मुरली देवड़ा के बेटे है। मिलिंद ने बोस्टन विश्वविद्यालय के क्वेस्ट्रॉम स्कूल ऑफ बिजनस से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन किया है। 2004 के आम चुनावों में भाजपा की जयवंतीबेन मेहता को दस हजार से ज्यादा वोटों से हराने के बाद मिलिंद देवड़ा मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट से संसद सदस्य बने थे। 2011 में मिलिंद देवड़ा का कद और बढ़ गया और उन्हें केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बनाया गया। इसके अलावा अक्टूबर 2012 में उन्होंने जहाजरानी राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली।*

## रिक्टर स्केल पर 3.1 रही तीव्रता

### शहडोल,अनूपपुर जिलों में भूकंप के आए झटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



■ माइल्ड कैटेगरी का था भूकंप कोई क्षति नहीं

रविवार को प्रदेश के शहडोल और अनूपपुर जिले के कुछ इलाकों में माइल्ड कैटेगरी के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के झटके रविवार दोपहर 2:18 मिनट पर महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई। यह माइल्ड कैटेगरी की रही। भूकंप से अभी तक किसी भी नुकसान की जानकारी नहीं है। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी है।

## *बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिला की शिकायत को किया खारिज*

### खाना बनाना नहीं आने की टिप्पणी करना अपराध नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई



■ आईपीसी की धारा 498ए के तहत यह 'क्रूरता' नहीं

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि महिला को खाना बनाना नहीं आने की टिप्पणी करना क्रूरता नहीं है। कोर्ट ने कगा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत 'क्रूरता' नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने महिला द्वारा अपने पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले, जिनमें उसके बहनोई भी शामिल थे। उसे ताने मारते थे और उसका अपमान करते थे।

## दो अलग अलग हुई घटनाएं

### अंगीठी जलाकर सोने से 2 बच्चों समेत 6 की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सोने के दो अलग-अलग मामलों में 6 लोगों की मौत हो गई है। एक मामला इंद्र पूरी थाना इलाके का है जबकि दूसरा अलीपुर का। इन लोगों ने रात में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी। बताया जा रहा है कि अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई है। इंद्रा पुरी थाना इलाके में दो लोगों की मौत हुई हई है।



■ धुएं के कारण दम घुटने से हो गई मौत

## *मणिपुर में कांग्रेस प्रमुख खरगे ने किया ध्वजारोहण, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत*

# राहुल करीब 70 नेताओं के साथ पैदल और बस में करेंगे 'सफर'

मणिपुर के थौबा से शुरु हुई यात्रा, कुल 67 दिन, 110 जिले व 6700 किमी की यात्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार से शुरू हो गई। यात्रा के लिए राहुल गांधी दिल्ली से मणिपुर पहुंचे। राजधानी इंफाल से यात्रा की शुरुआत से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ध्वजारोहण किया। व्यापक जनसंपर्क के मकसद से शुरू हुई इस यात्रा में राहुल गांधी के अलावा कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शरीक हो रहे हैं। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबा में खोंगजोम युद्ध स्मारक का दौरा किया। इंडिगो की उड़ान से कांग्रेसी नेता इंफाल पहुंचे। कांग्रेस के इस जनसंपर्क अभियान के दौरान राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेता, अगले 67 दिनों में 110 जिलों से होकर गुजरेंगे।



### भाजपा का तंज- कांग्रेस बताए उसके कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर-पूर्व का दौरा किया?

भाजपा नेता नलिन कोहली ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए कहा बीते 60 सालों को अगर पीएम मोदी के 9-10 साल से तुलना करें तो कांग्रेस के कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर पूर्व का दौरा किया? पीएम मोदी बीते नौ साल में 60 बार वहां जा चुके हैं। मोदी सरकार के मंत्री 400 से ज्यादा दौरे कर चुके हैं। इंटरनेट, हाइवे, एयरपोर्ट, रेलवे का निर्माण तेज रफ्तार से हो रहा है।

## सुरक्षा के लिए 14,000 पुलिसकर्मी तैनात

# मकर संक्रांति पर गंगा सागर में 65 लाख तीर्थयात्रियों ने लगाई डुबकी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

देश भर में मकर संक्रांति इस बार दो दिन मनाया जा रहा है। हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। हालांकि, इस बार 15 जनवरी को भी मनाया जाएगा। इस बीच, मकर संक्रांति पर पंश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने कहा बताया कि आठ से रविवार दोपहर तक 65 लाख तीर्थयात्रियों ने गंगा सागर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। उन्होंने कहा कि सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगासागर संख्या बढ़ने की संभावना है।



### *45 निगरानी टावर बनाए गए*

*उन्होंने कहा कि 14,000 पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ 45 निगरानी टावर बनाए गए हैं और 1,100 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को नौकाओं आदि के जरिए सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 'फॉग लाइट' लगाई गई हैं। वरिष्ठ मंत्री ने कुंभ मेले की तरह गंगा सागर मेले को भी राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की राज्य सरकार की मांग दोहराई। मंत्री ने कहा, अकेले राज्य सरकार के लिए वार्षिक मेले के आयोजन का भारी खर्च वहन करना बहुत मुश्किल है। बेहतर संचार के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने की वजह से इस वर्ष मेले के दौरान 265 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है।*

## यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट

करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया

# राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, बंगाली रसगुल्ला, मद्रासी डोसा राम भक्तों को परोसे जाएंगे ये स्वादिष्ट व्यंजन

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर है। करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। अयोध्या में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से 50 स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। श्रद्धालुओं को अयोध्या में लिट्टी चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा, इडली, बंगाली रसगुल्ला जैसी चीजे परोसी जाएंगी। इसके अलावा यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं।




### अब तक कहां से क्या आया?

*1. यूपी के एटा से अष्टधातु का घंटा*
*2100 किलो वजन के इस घंटे के निर्माण में करीब 25 लाख रुपए की लागत आई है।*

*2. महाकाल से 5 लाख लड्डू*
*महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी और सूखे मेवे के पांच लाख लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसका वजन करीब 250 क्विंटल बताया जा रहा है। 16 जनवरी को तीन ट्रकों से लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।*

*3. छत्तीसगढ़ से चावल*
*30 दिसंबर 2023 को 11 ट्रकों से तीन हजार क्विंटल चावल भेजा गया था। 22 जनवरी के दिन इस चावल का इस्तेमाल भगवान श्रीराम के महाभंडारे में होगा।*

*4. राजस्थान से सरसों तेल*
*जयपुर से सरसों के तेल के 2100 पीपे अयोध्या भेजे गए हैं। सीता रसोई में बनने वाला प्रसाद जयपुर के चांदपोल स्थित गंगा माता मंदिर से भेजे गए तेल-घी से बनेगा।*

*5. गुजरात से धूपबत्ती व साड़ी*
*गुजरात के बड़ोदरा से 108 फीट लंबी धूपबत्ती अयोध्या भेजी गई है। धूपबत्ती 3,610 किलो की है। ये करीब डेढ़ महीने तक जलेगी। सूरत शहर में तैयार की गई एक विशेष साड़ी मंदिर अधिकारियों को भेजी जाएगी।*

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# जनजातीय कल्याण को समर्पित मोदी सरकार



देश भर के **188** जिलों के

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)

के लाभार्थियों से

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

का संवाद

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

15 जनवरी 2024 दोपहर 12:00 बजे

### पीएम जनमन से जनजातीय समुदाय का बदल रहा जीवन

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**
1 लाख
पक्का घर स्वीकृत
लागत: ₹2390 करोड़

**जल जीवन मिशन (जेजेएम)**
बचे हुए 1830
गाँवों में नल से स्वच्छ जल स्वीकृत
लागत: ₹220 करोड़

**संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आर डी एस एस)**
70,000
घरों का विद्युतीकरण
लागत: ₹300 करोड़

**पीएम जनमन विकास योजना**
450
मल्टीपर्पज सेंटर स्वीकृत
लागत: ₹270 करोड़

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ)**
206
मोबाइल टावर के माध्यम से 503 गाँवों में दूरसंचार सुविधा स्वीकृत
लागत: ₹240 करोड़

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**
1200 किलोमीटर
सड़क स्वीकृत
लागत: ₹900 करोड़

**पीएम जनजातीय विकास मिशन**
405
वन धन विकास केन्द्र स्वीकृत
लागत: ₹20 करोड़

**समग्र शिक्षा अभियान**
100 हॉस्टल
जनजातीय छात्रों के लिए स्वीकृत
लागत: ₹275 करोड़

**आंगनवाड़ी सेवाएं**
916
आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत
लागत: ₹125 करोड़

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
100
मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यशील
लागत: ₹34 करोड़

**8 हजार** से अधिक कैंप के माध्यम से 10 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़े

**2.5 लाख** लाभार्थी किसान सम्मान निधि के लिए चिन्हित

सैचुरेशन अभियान के तहत बने **82 हजार** नए आयुष्मान कार्ड

और बने **70 हजार** नए आधार कार्ड

CBC 43101/13/0019/2324

जनजातीय सशक्तिकरण
विकसित भारत

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर

हरिभूमि
मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

### पीएम मोदी के आव्हान पर प्रदेश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान शुरु

# सीएम यादव ने उज्जैन के मंदिर में झाड़ू लगाई मंत्री प्रहलाद पटेल व प्रद्युम्न ने पोंछा लगाया

1 22 जनवरी को प्रदेश के हर घर में मनेगी दीवाली

2 अलग-अलग शहरों ने दीप जलाने की संख्या तय की

सीएम यादव ने प्रदेश के लोगों का आह्वान किया कि 16 से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलने वाले समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लें। अपने-अपने घरों से लेकर हर चौक-चौराहे तक उत्सव मनाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में रामलला मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है। मप्र सरकार ने भी सभी जिलों में मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीवाली की तर्ज पर दीपक जलाने व उत्सव मनाने का आह्वान प्रदेशवासियों से किया गया है।

इसी के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी के आव्हान पर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कई मंत्रियों, विधायकों व गणमान्य लोगों ने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के लोगों को स्वच्छता के साथ उत्सव मनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के श्री राम जनार्दन मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में मंदिरों में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई भी की। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा धूमधाम के साथ होने जा रही है। देश के लोगों के लिए यह गौरव की बात है कि 500 साल बाद रामलाल विराजित हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि 16 से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलने वाले समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लें।



मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों व विधायकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### मंत्री पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर में सफाई की



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर परिसर में झाड़ू और पोंछा लगाया। मंत्री पटेल ने बताया कि मंदिर हो या गुरुद्वारा, चाहे किसी संप्रदाय या किसी भी पूजा पद्धति का हो उसकी स्वच्छता सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद जेपी नड्डा ने भी रविदास मंदिर से इसकी शुरुआत की है।

### कृष्णा गौर शिव-शक्ति मंदिर पहुंची

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने रविवार को शिव शक्ति मंदिर, पंचवटी मार्केट, गोविंदपुरा में झाड़ू-पोछा लगाया। श्रीमती गौर ने कहा कि मंदिर और मंदिर प्रांगण को साफ-स्वच्छ रखना सभी श्रद्धालुओं की जिम्मेदारी है। वे गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंदिरों में नागरिकों के साथ साफ-सफाई के लिये वह स्वयं पहुंचेंगी।



### विधायक रामेश्वर ने हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की

हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी भोपाल के चार इमली स्थित हनुमान मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सफाई अभियान चलाया।




### ऊर्जा मंत्री तोमर किले स्थित मंदिरों में पहुंचे

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर किला स्थित हरसिद्धि मां और हनुमान मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए सभी को स्वच्छता के लिए जागरुक किया। उन्होंने हनुमान मंदिर में पोंछा लगाकर सफाई की।

### कश्मीर में एक किमी के दायरे में खुलेगा स्कूल

**जम्मू।** उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अब एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर सरकारी स्कूल नहीं खुलेंगे। लोहड़ी पर पत्रकारों से अनौपचारिक रूप से बात करते हुए कहा कि नियम है कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर स्कूल नहीं होने चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए भविष्य में स्कूल खुलेंगे, यानी एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर बच्चों को नहीं जाना पड़ेगा।



# सीएम ने मृतक के परिजनों को 4 लाख की सहायता दी

ऐसी घटनाएं रोकने के लिए कलेक्टर को सख्त कदम उठाने देने के दिए निर्देश

सीएम मोहन यादव ने खुले बोरवेल की सूचना तत्काल कलेक्टर को देने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत को लेकर मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव ने दुख जताया है।

साथ ही निर्देश दिए हैं कि कलेक्टर को ऐसी घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि इस तरह की घटना ना हों, इसके प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न समाजों व अन्य लोगों से भी सुझाव आमंत्रित किये हैं। जिससे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालक के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश भी दिए। इस घटना लेकर कलेक्टर ने भी मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद निगम अधिकारियों से चर्चा कर स्ट्रीट डॉग को लेकर चर्चा की। इस घटना के अलावा मुख्यमंत्री ने बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग खुले बोरवेल की सूचना जिला कलेक्टर को दें।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश

केंद्र सरकार को दिया 8 हफ्ते का समय

# हिट एंड रन केस के पीड़ितों का बढ़ाया जा सकता है 'मुआवजा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है।



### अभी मिलता है अधिकतम 2 लाख मुआवजा

मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपए का मुआवजा मिलता है। वहीं, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है।



भोजपाल महोत्सव मेले में निजामी बंधुओं ने दी कव्वाली की प्रस्तुति

# छाप तिलक सब छीनी रे ...मो से नैना लड़ाय के, मेरे रश्के कमर, भर दे झोली मेरी या मोहम्मद जैसी कव्वालियों ने जीता शहरवासियों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में शुक्रवार को सूफी नाइट में कव्वाली की प्रस्तुति दी गई। देश के सुप्रसिद्ध कव्वाल निजामी बंधु उस्ताद चाँद निज़ामी, उस्ताद महमूद निज़ामी, शादाब फरीदी निज़ामी और सोहराब फरीदी निज़ामी ने ने अपनी शायरी और गजलों से समां बांधा। छाप तिलक सब छीने रे मो से नैना लड़ाय के, ए वतन तेरे लिए, मेरे राश्के कमर, भर दे झोली मेरी या मोहम्मद दर से तेरे न जाऊ ख़ाली जैसी कवाली की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर सहित मेला टीम ने दीप प्रज्जवलित कर की। इन्हें संगीत की दुनिया में निज़ामी बंधु के नाम से जाना जाता है। ये 'सिकंदरा घराने' से संबंधित हैं। निज़ामी बंधु देश के शीर्ष रैंकिंग वाले गायकों में लोकप्रिय कव्वाली गायक हैं। इन्होंने देश के साथ ही फ्रांस, जर्मनी, इटली, इंग्लैंड, पेरिस, मौतिटस, ईरान, तंजानिया, वेस्ट इंडीज, यूएसए में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। फिल्मों में पाश्र्व गायन भी किया है। कव्वाली गायक उस्ताद चांद निज़ामी शायर भी हैं। इन्होंने कई नज़्में और गज़लें लिखी हैं।

फर्नीचर की खरीदी पर मिल रही भारी छूट भोजपाल महोत्सव मेले के अब 2 दिन शेष हैं। भव्य रंग-विरंगी आतिशबाजी और गुब्बारे छोडकर मेले का समापन किया जाएगा। मेले में लगाए गए विभिन्न तरह के सामानों के स्टालों पर ग्राहकों को भारी छूट मिल रही है। शहरवासी भी इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं।



### शहरवासी चार दिन और कर सकेंगे खरीदारी

मेले में भारी भीड़ हो रही है। शहरवासियों को चार दिन और घूमने फिरने, खरीदारी और मनोरंजन करने का मौका मिलेगा। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में छोटे-बड़े करीब 500 विभिन्न सामग्री के स्टाल लगाए गए हैं। इन सभी स्टालों पर ग्राहकों को भारी छूट दी जा रही है। मेला समिति के वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, केश कुमार शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



---

छात्रावासों में बेहतर सुविधाएं हों, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा

# खेल मैदानों का निर्माण हो रहा, लेकिन इनका उपयोग भी होना चाहिए: डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री ने शहडोल में की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों का बड़ी संख्या में निर्माण हो रहा है। इन खेल मैदानों का उपयोग भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि वे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। खेल मैदानों की रौनक बढ़नी चाहिए।




### मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यों में नवाचार भी होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत वितरण व्यवस्था, पीएम आवास योजना, एवं अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने शहडोल संभाग में संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। संभागायुक्त गोपालचंद्र डाड ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, प्रमुख सचिव सीएम राघवेन्द्र सिंह, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सौजन्य भेंट की। कानूनगो ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को शुभकामनाएं दीं।

---

पन्ना जिले के चैपरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा कर रही विकसित भारत संकल्प यात्राः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी इनसे वंचित न रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिला रही हैं एवं उनके संकल्प को पूरा कर रही हैं।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना जिले की सकरिया पंचायत के चैपरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि 2047 का भारत, विकसित भारत होगा। यही उनका संकल्प है। जिस तरह से चोपड़ा गांव की एक आदिवासी बहन ने इस कार्यक्रम में अपनी बात रखी है और यह बताया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है, देश का विकास हो रहा है, यही विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का सबसे बड़ा संकेत है।



### राज्यपाल की पहल पर शुरू हुआ सिकल सेल एनीमिया मिशन

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा किराज्यपाल पटेल के प्रदेश और विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के लोगों से जीवंत संपर्क हैं। उन्होंने अपने स्तर पर सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के प्रयास शुरू किए, जो प्रमुख रूप से आदिवासी क्षेत्रों में ही पाई जाती है। शर्मा ने कहा कि राज्यपाल पटेल के प्रयासों से प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का अभियान शुरू किया गया है।

### भाजपा ने किए 6 नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा के चार नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने राजेंद्र मिश्रा को मऊगंज, वैशाली महाले को पांढुर्णा, कमलेश सुहाने को मैहर और कमल नयन इंगले को बड़वानी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दी मकर संक्रांति की बधाई

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर जीवन में सुख, सद्भावना और शांति का संचार करें, यही हमारी मंगल कामना है। लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएगा।

### राज्यपाल के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा शनिवार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल के साथ पन्ना जिले के ग्राम चैपरा पहुंचकर छात्रावास का भ्रमण कर कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

कल से शुरु हुई राहुल गांधी की न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता भी हुए शामिल

# मणिपुर पहुंचे बैज, महंत और मरकाम भूपेश बघेल और सिंहदेव नहीं गए

ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर करने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा रविवार को मणिपुर से शुरू हो गई है। राहुल की इस यात्रा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के भी नेता पहुंचे हैं। राहुल एक प्लेन में तमाम कांग्रेस दिग्गजों के साथ मणिपुर पहुंचे और यात्रा की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ से प्रदेश प्रभारी से लेकर नेता प्रतिपक्ष समेत अन्य नेता पहुंचे तो वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव इस यात्रा में शामिल होने नहीं पहुचे। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, विधायक देवन्द्र यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत सैकड़ों नेता पहुंचे।



### 4 लोकसभा कवर करेगी यात्रा

राहुल गांधी की यात्रा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रही है। ऐसे में यात्रा का फोकस है कि ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर किया जाए। छत्तीसगढ़ की रायगढ़, जांजगीर, कोरबा और सरगुजा लोकसभा सीटों से यह यात्रा गुजर सकती है। वहीं देशभर में 100 लोकसभा सीटों पर राहुल गांधी यात्रा करने निकले हैं।

### इसलिए नहीं गए भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव

भूपेश बघेल के पिता का निधन होने के कारण वो यात्रा में नहीं गए। वहीं सिंहदेव के न जाने की वजह उनके करीबियों ने बताया कि दिल्ली में चल रही बैठक के कारण शामिल नहीं हो पाए हैं। लोकसभा घोषणा पत्र समिति की कुछ बैठकों में शामिल होंगे।

### छग भी आएगी यात्रा

राहुल गांधी की न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ से भी गुजरेगी। यात्रा 18 फरवरी के आसपास रायगढ़ से प्रदेश में प्रवेश करेगी। 5 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में बलरामपुर होते हुए राहुल सोनभद्र से उत्तरप्रदेश में प्रवेश करेंगे। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं, जिनमें से केवल 2 सीट ही कांग्रेस के पास है।

---

# 25 जनवरी को देश के 50 लाख नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देंगे टिप्स

## मप्र में 460 स्थानों पर होंगे नव मतदाता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा देश भर में पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष से 23 वर्ष के युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चला रहा है। इसके लिए नव मतदाता सम्मेलन, घर-घर जाकर संवाद, महाविद्यालयों के बाहर पंजीकरण शिविर लगाने के कार्य किए गए हैं। 12 जनवरी को प्रदेश भर में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 25 जनवरी को देश के आठ करोड़ नव मतदाताओं में चिन्हित 50 लाख मतदाताओं का महासम्मेलन आयोजन किया जाएगा जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

### हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 2 सम्मेलन होंगे



यह बात भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने कही। सह प्रभारी देवश्री शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मप्र के हर विधानसभा में दो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह से मप्र में 460 स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन होगा।

### मोबाइल नंबर पर करें मिस्ड कॉल

पंवार ने बताया कि देश भर में लगभग 8 करोड़ नव मतदाता हैं, जिसमें करीब 52 लाख से अधिक नव मतदाता मप्र में हैं। देश भर के 1 करोड़ और प्रदेश के करीब 10 लाख नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। युवा मोर्चा ने मोबाइल नंबर 7820078200 पर मिस्ड कॉल जारी किया है।

### चेन्नई और लखनऊ में भी होंगे सम्मेलन

पंवार ने बताया कि 25 जनवरी को आयोजित नव मतदाताओं के महा सम्मेलन दो स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। एक सम्मेलन चेन्नई और दूसरा लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मोर्चा 1 जनवरी से नव मतदाताओं को लेकर अलग-अलग तरह के आयोजनों के लिए नव मतदाताओं को विकसित भारत एंबेसडर बना रहा है। मोर्चा के कार्यक्रमों में शामिल होने वाले नव मतदाताओं को नमो एप डाउनलोड कराकर विकसित भारत एंबेसडर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित गर्ग, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सुनील साहू और अभिनव शर्मा उपस्थित थे।

---

### छत्तीसगढ़ में फिर लौटेगी रात की ठंड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे में रात में फिर ठंड बढ़ सकती है। रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। उत्तर से आ रही हवाओं के चलते पारा गिर रहा है। इसके असर से जहां सरगुजा संभाग में लगातार तापमान गिर रहा है, वहीं बिलासपुर और दुर्ग में भी ठंड बढ़ी है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिन के तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बलरामपुर शनिवार को सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 4.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में न्यूनतम पारा 16.7 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा था। पिछले दो दिनों में न्यूनतम तापमान औसत से 4 से 5 डिग्री से कम है। अंबिकापुर जिले में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रहा, जो औसत से 4 डिग्री कम था।

---

# पुलिस अफसरों का जुंबा, एआईजी के मूव्स को लोगों ने किया फॉलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी संजय शर्मा ने रविवार को रायपुर के गार्डन में शानदार एरोबिक्स और जुंबा डांस किया। मौका था... सड़क सुरक्षा माह 2024 के शुभारंभ कार्यक्रम का। इस इवेंट में बड़ी संख्या में स्टूडेंट और नागरिक शामिल हुए। जिन्होंने जुंबा डांस करके अच्छे फिटनेस का मैसेज दिया। इस इवेंट में एआईजी संजय शर्मा ने दिल खोलकर डांस करते दिखे। अलग अंदाज में नजर आ रहे इस अफसर के डांस मूव्स को वहां मौजूद लोगों ने भी फॉलो किया। दरअसल 15 जनवरी सोमवार से 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन होना है।




### जुम्बा से घटा सकते हैं वजन

खुद को फिट रखने के साथ वजन तेजी से घटाना चाहते हैं तो जुम्बा डांस बेहतर विकल्प है। म्यूजिक के साथ थिरकते कदमों से वजन घटाने का यह तरीका कभी बोरिंग नहीं लगता है। स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन जर्नल में पब्लिश एक रिसर्च कहती है, 40 मिनट तक जुम्बा करते हैं तो 369 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। यह फायदा 40 मिनट में की जाने वाली किक बॉक्सिंग और पावर योग के बराबर है।

---

# जेलों का सतत निरीक्षण करें और बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं: सीएम

*मांस विक्रेताओं और डीजे वालों के लिए वैकल्पिक व्यस्थाएं सुनिश्चित कराएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों से कहा कि वे जेलों का सतत निरीक्षण करें और जेलों में अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जेलों में बंद बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था कराएं तथा आवश्यक होने पर उन्हें विधिक सहायता भी मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि लगातार अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने अफसरों को हिदायत दी कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज शनिवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खुले में अवैध रूप से मांस के विक्रय पर प्रतिबंध के प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरपालिकाएं मांस बेचने वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कराएं तथा मांस बेचने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराएं। डीजे वालों का रोजगार प्रभावित न हो इसके भी प्रयास किए जाएं। बएडीजीपी डीसी सागर ने शहडोल संभाग में कानून व्यवस्था के नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर गोपालचंद्र डाड, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में संभाग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की




### सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक और परिणाम मूलक कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य दूर-दराज के क्षेत्रों में अपराधों को रोकने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के मन से पुलिस का डर निकलना चाहिए, इस दिशा में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक प्रयास करें। युवाओं से मिलकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

# मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब



मकर संक्रांति पर नर्मदा तट गौरीघाट, तिलवाराघाट व भेड़ाघाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिये पहुंचे। आज सोमवार को भी संक्रांति पर स्नान व ध्यान का महत्व है। आसपास के ग्रामीण अंचलों में नर्मदा तट पर मेले का माहौल देखा गया। कई स्थानों पर रविवार के अवकाश के कारण पिकनिक मनाने के लिये भी लोग पहुंचे। सुबह से ही भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। मंदिरों में जाकर भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

फोटो : हरिभूमि

# कल से शुरू हो जायेंगे शादी-विवाह के मुहूर्त

## खरमास समाप्त, गूंजेगी शहनाइयां

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के बाद फिर विवाह समारोह की धूम शुरू होगी। 1 दिसंबर से शुरू हुआ खरमास 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में संक्रमण के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस बीच 39 दिन ही विवाह मुहूर्त हैं। इसके बाद विवाह समारोहों पर लगा विराम हट जाएगा। एक माह के अंतराल के बाद फिर से विवाह की शहनाइयां गूंजेंगी। फिर 15 मार्च से खरमास लगने के चलते विवाह बंद हो जाएंगे।

### 15 मार्च को खरमास लगने से लगेगा ब्रेक

विवाह मुर्हूत प्रारंभ होने के पहले महीनों पहले से जिनके रिश्ते तय हो गए, उनने अभी से शहर के मैरिज गार्डन, बारातघर व होटलों की बुकिंग फुल हो गई है। टैंट, बैंड व अन्य जरूरी बुकिंग जोरों पर चल रही है। विवाह की खरीदारी का दौर जारी है। सराफा बाजार में विवाह के लिए भूषण खरीदने लोग उमड़ रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार बीते एक सप्ताह से सराफा बाजार में बिक्री बढ़ गई है। जनवरी के पहले सप्ताह में हुई बारिश व बिगड़े मौसम के मद्देनजर वाटर प्रूफ टैंट, मंडप की डिमांड अधिक है।

### 1 हजार से अधिक बुकिंग



विवाह मुर्हूत प्रारंभ होने के पहले से मैरिज गार्डन, बारातघर और होटल संचालकों ने आकर्षक ऑफर पैकेज पेश किए। एक दिन बाद शुरु होने वालें विवाह समारोहों के लिए सभी मैरिज हॉल, गार्डन के लॉन, पूरी तरह सज धजकर तैयार हो गए है। एक जानकारी के मुताबिक 16 जनवरी से 12 मार्च के बीच इन मैरिज गार्डन व बारात घरों को एक हजार से अधिक बुकिंग मिली हैं। बारिश की आशंका को देखते हुए मैरिज गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बारिश के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के आर्डर दिए हैं।

### जनवरी से मार्च तक विवाह मुर्हुत

जनवरी में 16,17,20,21, 22, 27, 28, 29, 30, 31 जनवरी को कुल 10 दिन मुर्हूत है तो वहीं फरवरी माह में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14,17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27, 29 फरवरी तक कुल 20 दिन शादी के मुहूर्त हैं। इसी तरह मार्च माह में 1 से लेकर 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 12 मार्च तक कुल 9 दिन शादी विवाह के शुभ मुर्हूत हैं।

# कायस्थ महासभा का परिचय सम्मेलन 3 फरवरी को

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आगामी 3 फरवरी 2024 को होगा। इस संबंध में निर्णय शनिवार को महासभा की सामाजिक बैठक में लिया गया। इस दौरान तय किया गया कि सम्मेलन निर्विवाद समाज हित में हो। गणमान्य लोगों के बीच में कुछ विशेष लोगों को जिम्मेदारियां दी गई। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष, के.के. श्रीवास्तव द्वारा आशीष श्रीवास्तव को प्रांतीय युवा अध्यक्ष एवं डॉ. संजय श्रीवास्तव को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। पदाधिकारी की विभिन्न पदों पर नियुक्ति के साथ ही आयोजन की सफलता हेतु मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में तय किया गया कि 3 फरवरी को आयोजित एक दिवसीय विवाह परिचय सम्मेलन को लेकर महिला सभा से रत्ना श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किये। महामंत्री सहेंद्र श्रीवास्तव ने परिचय सम्मेलन पर प्रकाश डाला, बैठक में ओ.पी. लाल को समाज के गणमान्य लोगों ने हर्षे उल्लास के साथ विदाई दी। इस बैठक में विनोद श्रीवास्तव, यू.वी. अंबर, शशी खरे, किरण खरे, आदर्श श्रीवास्तव, अमरेंद्र श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जबलपुर।




दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक सभागार में गत दिवस आयोजित हुआ, जिसमें योगेश सीमा जैन को अध्यक्ष पद, सचिन कीर्ति जैन को सचिव पद और प्रदीप सीमा जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ, शपथ विधि अधिकारी आलोक जैन झांसी, उपाध्यक्ष फेडरेशन द्वारा, दिलवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीके विद्यार्थी उप पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज थे। कार्यक्रम अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र जैन भोपाल ने की। कार्याध्यक्ष फेडरेशन, विशिष्ट अतिथि पदम सेठी भोपाल, संयुक्त महासचिव फेडरेशन, कैलाश जैन अध्यक्ष, दिगंबर जैन पंचायत सभा जबलपुर एवं प्रदीप जैन अध्यक्ष, महाकौशल विंध्य रीजन थे। मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात मंगलाचरण श्रीमती सीमा योगेश जैन, श्रीमती कीर्ति सचिन जैन, श्रीमती महिमा सुबोध जैन एवं श्रीमती निशि राहुल जैन द्वारा किया गया। स्वागत नृत्य कुमारी अमर्शी जैन सुपुत्री मिलिंद मौली जैन द्वारा किया गया। संस्थापक अध्यक्ष आजाद सीमा जैन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। विगत वर्ष में हुई गतिविधियों का ब्यौरा जबलपुर 'मेन' ग्रुप के सचिव नितिन राशी जैन द्वारा दिया गया एवं कोषाध्यक्ष देवेश प्रिया सोधिया द्वारा सम्पूर्ण वर्ष का आय- व्यय का लेखा प्रस्तुत किया । तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों कैलाश चंद जैन पदम सेठी, प्रदीप ममता के पश्चात मुख्य अतिथि टी के विद्यार्थी का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष रविंद्र जैन पत्रकार, भोपाल का उद्बोधन हुआ। अध्यक्ष विकास शिखा द्वारा अपने उद्बोधन में विगत वर्ष में सभी कार्यकारणी सदस्यों ० ग्रुप दम्पति सदस्यों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया । जबलपुर 'मेन' ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष आजाद सीमा जैन द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष विगत वर्ष में किए कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद शपथ विधि अधिकारी द्वारा नवीन कार्यकारणी सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के अंत में नवीन सचिव सचिन कीर्ति द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# वेयरहाउस से 80 बोरी गेंहू चोरी

**जबलपुर।** कटंगी थानांतर्गत ग्राम झगरा में अज्ञात चोरों ने एक वेयर हाउस का ताला तोड़कर 75-80 बोरी गेंहू पार कर दिया। उक्त गेंहू की कीमत 95 हजार रुपये बताई गई हैं। धारा 457, 380 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। कटंगी थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम झगरा निवासी सिद्धार्थ पटेल गत 5 वर्षों से विजय वेयरहाउस की देखरेख कर रहा हैं। गत 6 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे सिद्धार्थ, वेयरहाउस के सभी शटरों व कमरों में ताला लगाकर शहर गया था। दूसरे दिन सुबह 10 बजे जब वेयरहाउस वापस लौटा, तो देखा कि वेयरहाउस के सामने वाले कमरे का ताला कटा था। जिसकी जानकारी सिद्धार्थ ने वेयरहाउस के मालिक अजय पटेल को दी। वेयरहाउस मालिक व सिद्धार्थ ने देखा कि कमरे में लगा डीवीआर नहीं था। वेयरहाउस के दो शटरों के ताले टूटे थे। वेयरहाउस के अंदर रखी गेंहू की बोरियां बिखरी पड़ी थीं। अजय पटेल ने डब्लू एस सी के कर्मचारी को फोन करके बुलाया। जिसने बोरियां चेक की तो गेंहू के स्टॉक में 75-80 बोरियां कम थी। वेयरहाउस का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर 95 हजार का गेंहू चोरी कर ले गया था।

# प्रभावितों ने कहा परियोजना आदिवासी हित में नहीं

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय दिल्ली द्वारा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को लिखे गए पत्र दिनांक 21 नवम्बर 2023 में उल्लेख किया है कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन 2006 के प्रावधान और संशोधन के साथ निम्न अतिरिक्त एवं विशिष्ट संदर्भ बिन्दु भी शामिल है।जिसमें परियोजना निर्माण के कारण नर्मदा नदी, नाला के जलग्रहण क्षेत्र में उसके वहन क्षमता और निरंतरता का संचयी प्रभाव(कम्यूलेटिव ईम्पेकट) का अध्ययन, वन भूमि को कम करना जिससे पर्यावरणीय निरंतरता सुनिश्चित हो। यह जानकारी बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति अध्यक्ष बजारी लाल सर्वटे ने दी है। वहीं बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति, उपाध्यक्ष, तितरामरावी ने बताया नर्मदा कंट्रोल ऑथोरिटी को परियोजना प्रस्ताव के साथ पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण व पर्यावरणीय प्रबंधन नियोजन रिपोर्ट भेजकर उनसे टिप्पणी लेना।वन भूमि का परिवर्तन, जैव विविधता हानि के कारण जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र पर पङने वाले असर का पर्यावरणीय दृष्टि से लाभ हानि का विश्लेषण करना। पर्यावरण प्रभाव निर्धारण रिपोर्ट में मिट्टी की विशेषताओं का अध्ययन कम से कम 10 अलग- अलग स्थानों का करना, जो जलाशय और जंगल के आसपास वाले गांव हैं।तीनों ऋतु में परियोजना क्षेत्र के 10 जगहों का भूजल स्तर का नाप करना। परियोजना के कारण जलीय और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर पङने वाला असर का अध्ययन।वन्य जीव संरक्षण का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्य वन्य प्राणी वार्डेन को जमा करना।डूब में आने वाले वनस्पति एवं जीवजंतु और पेङो की संख्या,घनत्व एवं उसका नामावली के साथ विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना।नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंन्ट आर एस इंवाईरोलिंक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली को जिम्मेदारी दिया है। उन्होंने बताया नदी घाटी विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति ने 25 जनवरी 2023 की आयोजित बैठक में परियोजनाकर्ता के प्रस्ताव पर टिप्पणी किया था कि परियोजना में 2107 हेक्टेयर वन भूमि क्षेत्र शामिल है।कम से कम जंगल शामिल हो इसका कोई अभ्यास नहीं किया गया है और ना ही इस परियोजना का वैकल्पिक स्थल विश्लेषण इस आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया है।समिति ने यह भी कहा था कि इस विकास परियोजना में जंगल का बङे क्षेत्र की आवश्यकता होगी और साथ ही परियोजना क्षेत्र में आदिवासी जनसंख्या निवास करता है। बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति ने सवाल उठाया है कि इस बांध में 6343 हेक्टेयर क्षेत्र डूबा कर मात्र 8780 हेक्टेयर मात्र की सिंचाई होगी।यह भी सर्वविदित है कि सिंचाई का जितना लक्ष्य रखा जाता है, उसमें मात्र औसत 60-65 प्रतिशत ही सिंचाई लक्ष्य पूरा होता है।दूसरी ओर 40 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर के कारण 100 मेगावाट से मात्र 350 मिलयन यूनिट वार्षिक विधुत उत्पादन किया जा सकेगा।इतने कम सिंचाई और विधुत उत्पादन के लिए प्राकृतिक संपदा का विनाश करना आदिवासी समुदाय के हित में नहीं है।संगठन ने निर्णय लिया है कि सभी प्रभावित गांव और समाजिक संस्था की ओर से परियोजना के विरोध में पर्यावरण मंत्रालय को पत्र भेजा जाएगा।

# विशेषज्ञ समिति द्वारा बसनिया का टी. ओ. आर. मंजूर

**जबलपुर। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 49 वीं बैठक में प्रस्तावित बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट तैयार करने हेतु संदर्भ बिन्दु (टी.ओ.आर.) देने का निर्णय लिया है।**

केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामवासियों को करेगी लाभान्वित

# जिले की बारह-बारह ग्राम पंचायतों का आज भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

*विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 एवं 16 जनवरी को जिले की 12-12 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। इस दौरान यह यात्रा केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करेगी तथा अन्य नवाचारी पहलों से देश में हो रहे विकास कार्यों का प्रत्येक गांव में प्रचार करेगी।*




**जबलपुर।** जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के मुताबिक विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबलपुर में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत कैलवास और पिपरिया खुर्द एवं 16 जनवरी को बल्हवारा और बिलहरी, जनपद पंचायत मझौली में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत ग्राम हथलेवा और मुरैठ एवं 16 जनवरी को खिन्नी और चन्नोटा, जनपद पंचायत पनागर में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत मटामर और महगवां परियट एवं 16 जनवरी को कंदराखेडा और किवलारी, जनपद पंचायत पाटन में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत लोहरीकांटी और कुशली एवं 16 जनवरी को करारी मनक्वारा और कैथरा, जनपद पंचायत शहपुरा में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत देवरी पुरानी और सुनवारा एवं 16 जनवरी को बिजना और कुलौन, जनपद पंचायत सिहोरा में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत फनवानी और नुन्जी एवं 16 जनवरी को कुशियारी और ढकरवाह का भ्रमण करेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। प्रारंभ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण होगा। केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही "मेरी कहानी मेरी जुबानी" की थीम पर अपने अनुभव साझा करेंगे। ग्रामीणों को वर्ष-2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया जायेगा। प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को प्रोत्साहित करने "माटी कहे पुकार के" की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को कैप और टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। विकसित भारत यात्रा के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के अंतर्गत किसानों के समक्ष ड्रोन से फसलों पर नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन भी होगा। आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची बनाने, बैंको से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी अलग से स्टॉल लगाया जायेगा। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाने भी इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया जायेगा।



## वन मिलिट्री ट्रेनिंग रेजिमेंट में तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल विषयक व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि जबलपुर।

1 मिलिट्री ट्रेनिंग रेजिमेंट (1MTR), जबलपुर ने एक तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल विषयक व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक ऋतु राज असाटी मुख्य अतिथि और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए हैं। यह कार्यक्रम 1 मिलिट्री ट्रेनिंग रेजिमेंट के 100 से अधिक सैन्य अधिकारियों और जवानों के परिवारों के लिए आयोजित किया गया था। सत्र में शामिल ध्यान सत्र ने प्रतिभागियों को पूर्ण शांति में छोड़ दिया। ऋतु राज असाटी ने बताया कि यदि हम स्वयं को केवल एक शरीर मानते हैं, तो हम अपनी सीमाओं को बनाए रखते हैं, लेकिन यदि हम अपने चेतना के स्तर पर खुद को पहचानते हैं, तो हम जीवन में अपनी असीमित क्षमताओं को अनुभव कर सकते हैं, और ध्यान इसका सशक्त माध्यम है। यह सत्र न केवल तनाव प्रबंधन और जीवन कौशलों के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को समझाने में मदद करता है, बल्कि ध्यान सत्र ने प्रतिभागियों को अपने आत्मिक शक्तियों को जागरूक करने में भी सहारा प्रदान किया। इस अनूठे और कार्यक्रम ने परिवारों को एक नए दृष्टिकोण से जीवन को देखने का अवसर प्रदान किया। इस सशक्तिकरण कार्यक्रम ने सैनिकों और उनके परिवारों को मानवाधिकार में सुधार करने और सकारात्मक जीवन कौशलों को सीखने का मौका प्रदान किया है। इस कार्यक्रम का आयोजन 1 मिलिट्री ट्रेनिंग रेजिमेंट की डायरेक्टर फॅमिली वेलफेयर आर्गेनाइजेशन श्रीमती शालिनी पुंडीर और उनकी सहयोगी श्रीमती अर्चना वर्मा ने किया साथ ही आर्ट ऑफ़ लिविंग से रीना महोबिया, रानू उपाध्याय और अंकित जैन उपस्थित थे।

## आज से 29 फरवरी तक चलेगा राजस्व महाअभियान

*प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण कलेक्टर*

**जबलपुर।** कलेक्टोर दीपक सक्सेनि ने कहा कि 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलेगा। अतः राजस्वो प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रृटियों को ठीक करने के साथ राजस्व न्या्यालयों में लंबित प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती का समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंनें कहा कि नए राजस्वा प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करें, नक्शा सुधार, पीएम किसान का सेच्युरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र और आधार से लिंकिंग सहित आम जन की राजस्वण संबंधी समस्यारओं का निराकरण करना है। उन्होने कहा कि 15 जनवरी तक पटवारी अपने ग्राम पंचायतों में बी-1 का वाचन करें। पटवारी के मुख्या लय गांव में रहने के लिये दिन निश्चित हो जाए और यह उस गांव के पंचायत की दीवार में उल्लेचखित हो। जिसमें उसके नाम व नम्बयर भी अंकित रहें। इसके साथ-साथ कलेक्ट र, एसडीएम व तहसीलदार के नाम व नम्बेर भी ग्राम पंचायतों की दीवार पर अंकित किया जाये ताकि आम जन को कोई भी परेशानी हो तो वह तुरंत उक्त नम्बमरों से संबंधित अधिकारी से बात कर सके। कलेक्टीर श्री सक्सेना ने कहा कि 15 जनवरी से वे नियमित रूप से गांवों के भ्रमण पर रहेंगे और इस दौरान वे ग्रामीणों से भी पूछेंगे कि उनके पास कलेक्टंर, एसडीएम, तहसीलदार व पटवारी का नम्बर है या नहीं। अतः अधिकारी अपने वाट्सएप नम्बपर क्षेत्र में प्रसारित करें ताकि आमजन से सीधा संपर्क रखने में सुगमता हो। उन्होइनें कहा कि आरआई राजस्वम निरीक्षक मंडल स्तंर पर 15 दिन में एक बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करें।

### *तीन दिवसीय श्रीरामचरित लीला समारोह भंवरताल उद्यान में*

**जबलपुर।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा पूर्व जिले में सांस्कृ तिकगतिविधियों के अंतर्गत श्रीरामकथा के विशिष्ट पात्रों पर आधारित 'श्रीलीला समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृअतिक गौरव से परिचित कराने के लिये मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से भंवरताल उद्यान जबलपुर में 15 से 17 जनवरी तक शाम 6 बजे से श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन किया जायेगा।

## शानदार जीत के साथ दिल्ली सेमीफाइनल में


**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के श्री विष्णु वराह कप 2024 में अंतिम चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिल्ली और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 137 रनों का योग खड़ा किया।जिसमें सर्वाधिक रन का योगदान यश चंदेल 38 रन और सुबोध भाटी ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं कानपुर की ओर से गेंदबाजी में रहमान ने हैट्रिक के साथ तीन विकेट और सचिन यादव ने भी तीन विकेट हासिल किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम 18.2 ओवरों में 105 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। कानपुर की ओर से सर्वाधिक स्कोर राहुल सिंह ने 24 रन और हर्षित ने 19 रन बनाए। वहीं दिल्ली की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए सुबोध भाटी ने चार विकेट हासिल करके अपनी टीम को 32 रनों से जीत दिला दी।सुबोध भाटी को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन 28 रन और 4 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश क्षत्रिय, नवयुवक मंडल के सदस्य प्रमोद परौहा गिरीश पालीवाल राजेंद्र चौरसिया मनोरंजन राय सुरेश ठाकुर ब्रजेश दुबे सौरभ राय अंपायर अमित रैकवार शाहिद खान कमेंटेटर राम मिलन सिंह राजपूत राहुल जैन अनुराग दुबे महेंद्र रैकवार रामराज राजपूत अब्दुल खान सभी उपस्थित हुए। कल का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दिल्ली और नागपुर की टीम के बीच खेला जाएगा।



## सनातन धर्म में पंचायतन पूजा श्रेष्ठ मानी गई: ब्र. चैतन्यानंद

**जबलपुर।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में विश्व कल्याण चल रहे पौष मास के पावन अवसर पर एक माह का सूर्य अर्चन पर भगवान शिव का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुग्ध अभिषेक एवं पूजा किया गया तत्पश्चात भगवान सूर्यनारायण का 3100 गुलाब पुष्पों द्वारा अर्चन किया गया एवं महापूजा किया गया। परम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज जी ने सूर्य अर्चन में उपस्थित सभी भक्तों को बताया सूर्य का शब्दार्थ है सर्व प्रेरक यह सर्व प्रकाशक सर्व प्रवर्तक होने से सर्व कल्याणकारी है ऋग्वेद के देवताओं में सूर्य देव का महत्वपूर्ण स्थान है यजुर्वेद में चक्षो सूर्यो जायत कहकर सूर्य को भगवान का मित्र माना है छांदोग्य उपनिषद में सूर्य को प्रणव निरूपित कर उनकी ध्यान साधना से पुत्र प्राप्ति का लाभ बताया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण तो सूर्य को परमात्मा स्वरुप मानता है प्रसिद्ध गायत्री मंत्र सूर्य परक ही है सूर्योपनिषद में सूर्य को ही संपूर्ण जगत की उत्पत्ति का एकमात्र कारण निरूपित किया गया है पूज्यश्री ने यह भी बताया सनातन धर्म में पंचायतन पूजा श्रेष्ठ मानी गई है यह पांच देव है गणेश शिव विष्णु दुर्गा व सूर्य शास्त्रानुसार प्रत्येक गृहस्थ के पूजा ग्रह में इन 5 देवों के विग्रह प्रतिमा होना अनिवार्य है पूज्यश्री ने कहा जिसमें सूर्य प्रत्यक्ष देव है एवं इनकी पूजा का फल भी प्रत्यक्ष है इनकी पूजा से व्यक्ति को हर प्रकार के सुख समृद्धि एवं निरोगीता प्राप्त होती है वर्तमान समय में चल रहे कोरोना महामारी जैसी विकट परिस्थिति में सूर्य उपासना अत्यधिक लाभप्रद है एवं बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में विश्व कल्याण के लिए यह सूर्य अर्चन एवं महापूजा प्रतिदिन विशेष रुप से की जा रही है ताकि शीघ्रातिशीघ्र इस महामारी का विनाश हो सके। सूर्य अर्चन में मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री राकेश सिंह, संजय मिश्रा बीके पटेल, डॉ.गुड्डा रूसिया, मधु यादव, ऋषि अग्रवाल राजेंद्र साहू श्रीमती संध्या परिहार पदमा मेनन ,नीता पटेल, गीता चौदह ,श्याम चौदहा , मनोज सेन आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सा कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित



**जबलपुर।** म.प्र. चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी संघ, मेडीकल कॉलेज शाखा, जबलपुर के संयोजक वीरेन्द्र तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में में बताया कि, कि संघ का वार्षिक कैलेण्डर विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक द्वय नीरज सिंह (बरगी विधानसभा) एवं डॉ. अभिलाष पाण्डेय (उत्तर मध्य विधानसभा) एवं मेडीकल कॉलेज डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी, अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. ऋचा शर्मा, की उल्लेखनीय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पं. योगेन्द्र दुबे, अरविंद राजपूत, सुनीला इसादीन, अजय दुबे, राजू मकसे, साहिल सिद्दीकी, प्रशांत श्रीवास्तव, रमेश उपाध्याय, घनश्याम पटेल, विनीता गुप्ता, अमिता झा, आशा ठाकुर, विनोद सिंह, गोपाल नेमा आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों के करें त्वरित निराकरण: आईएएस अर्चना कुमारी

**सिहोरा।** राजस्व महाभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को प्रमुखता से दुरुस्त कराए जाने राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 15 जनवरी से राजस्व महाअभियान प्रारंभ किया जायेगा। यह अभियान आगामी 29 फरवरी तक निरंतर चलेगा। अभियान की गतिविधियों के संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आईएएस अर्चना कुमारी ने बताया की अभियान को प्रभावी एवं परिणाममूलक रूप से संचालित करने के उद्देश्य से राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम,पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण,उत्तराधिकार नामांकन,सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना शामिल है। न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

## गहोई वैश्य दिवस पर पतंग महोत्सव आयोजित किया गया

**जबलपुर।** एमजीजी पैलेस दमोहनाका में पतंग महोत्सव आयोजित किया गया, पतंग उड़ाते पतंग प्रेमियों में समाज के अध्यक्ष श्यामबिहारी चौदहा ने दीप प्रज्जवलन एवं सूर्य भगवान की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पतंगबाजी महोत्सव में समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया जिसमें पुरुष, महिला एवं बच्चे शामिल थे, लगभग 285 प्रतिभागियों ने पतंगबाजी का लुत्फ उठाया और बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह पतंगबाजी महोत्सव गहोई वैश्य समाज के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें समाज की ओर से बच्चों को चरखी, पतंग दी गई, प्रसाद के रूप में तिल के लड्डू, मूंगफली की लइया और महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी श्यामबिहारी चौदहा, निर्मल सुहाने, बृजबिहारी नगरिया, सुनील कुरेले, शंभूदयाल बड़ेरिया, डॉ. अरुण सरावगी, विजय सरावगी, विजय सुहाने, इंजी. कमलकांत गुप्ता, संजय मोर, प्रभात कठल, संयोजक राकेश सिजारिया, रविकांत बड़ोनिया, जयकुमार रावत, सतीश कुचया, गोपाल हूंका, अखिलेश रावत, नारी मंडल से उर्मिला सिपौल्या, मेघा बड़ोनिया, रश्मि पहारिया, शैलजा बिलैया, राखी पहारिया, पिंकी कुदरया, अभिषेक बिजपुरिया, सचिन पहारिया, प्रतीक सुहाने, अंकुर खरया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## आईटीआई में आज होगी प्लेसमेंट ड्राइव

**जबलपुर।** शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में सोमवार 15 जनवरी को एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में वेकमेट इंडिया लिमिटेड द्वारा कंपनी पेरोल पर परमानेंट जॉब हेतु लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से 10,500 से 13,230 रूपये तक के प्रतिमाह वेतन पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। शासकीय संभागीय आईटीआई में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, कोपा एवं मशीनिष्ठ विषय से वर्ष 2022 एवं 2023 में उत्तीर्ण होने वाले 18 से 25 वर्ष की आयु के छात्र शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### *मझौली में टारगेट ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन*

टारगेट क्लब मझौली द्वारा लगातार छठवें वर्ष नशा मुक्ति और युवा जागृति के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ एचपी पेट्रोल पंप सिहोरा रोड से स्टेडियम मझौली तक किया गया। इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ी माउंटेन मैन अंकित सेन, आनंदम की कोऑर्डिनेटर दीप्ति ठाकुर,जय हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका वर्मा मैडम,नगर परिषद मझौली की अध्यक्ष शिप्रा चौरसिया,नगर के वरिष्ठ समाजसेवी संजय सराफ,गिरीश पालीवाल, मध्यप्रदेश राज्य अध्यापक शिक्षा संघ मझौली के शिक्षक अजय खरे, बिहारी लाल साहू , युसूफ खान,महेंद्र तिवारी अजय रैकवार एवं मझौली के शिक्षक रबीद खान फिरोज खान टारगेट क्लब मझौली के सदस्य अनुराग दुबे यश कोष्टा प्रिंस साहू शिवकुमार प्रजापति कपिल झारिया निशांत कोष्टा उमेश कांत विश्वकर्मा सभी सहयोगियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।




**श्री छोटे लाल कोल-** बागड़ा दफाई लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल कोल (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी-** पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्री मथुरा प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम किया गया।

**श्री कमल खत्री-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री कमल खत्री (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित पासी-** प्रेमसागर निवासी श्री मुकेश पासी के पुत्र श्री रोहित पासी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बदामी देवी-** गांधी व्यायाम शाला के पास रांझी निवासी श्री जय आशीष की धर्मपत्नी श्रीमती बदामी देवी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीमा विश्वकर्मा-** भानतलैया विद्यापीठ के पीछे निवासी श्री रवि विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा विश्वकर्मा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीताराम शर्मा-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री सीताराम शर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरो हरगुनदास जुरयानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री हीरो हरगुनदास जुरयानी (86) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शोभन मित्रा-** मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री शोभन मित्रा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री यारैया-** सर्वोदय नगर आगा चौक रानीताल निवासी श्री रामू के पुत्र श्री यारैया (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार तिवारी-** नेशनल कॉलोनी सेठीनगर रामपुर निवासी श्री नरेंद्र कुमार तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री दिलीप जाट (52) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बालक राम झा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री बालक राम झा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू राजपूत-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री मोहन राजपूत के पुत्र श्री बबलू राजपूत (36) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओंकार रजक-** दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री ओंकार रजक (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री साधूराम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला रजक-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री रेवा प्रसाद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शीला रजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**श्रीमती कमला स्वामी-** पचपेढ़ी रोड सिविल लाइन निवासी श्री कुक्कू स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला स्वामी (101) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीआर चौधरी-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री वीआर चौधरी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्कायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### मूंगफली छोड़कर सभी तेल-तिलहनों में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों (सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन तथा बिनौला तेल) के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। आयातित सस्ते खाद्य तेलों से दोगुना दाम होने से मूंगफली तेल-तिलहन के लिवाल कम हैं।

### एफपीआई ने जनवरी में डाले 3900 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सतर्क रुख अपनाया है और जनवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में करीब 3,900 करोड़ रुपये लगाए हैं। इससे पहले पूरे दिसंबर महीने में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 66,134 करोड़ रुपये डाले थे।

### बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 1,99,111.06 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 542.3 अंक या 0.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक के लाभ के साथ अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचे।

### सेंट्रल बैंक ने त्योहारी पेशकश को 31 मार्च तक बढाया

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी खुदरा संपत्ति बुक बढ़ाने के मकसद से अपनी त्योहारी पेशकश को तीन महीने और यानी 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। इससे पहले यह पेशकश 31 दिसंबर 2023 तक जारी थी। बैंक इस अवधि में ग्राहकों के लिए कम ब्याज दर, 'प्रोसेसिंग' शुल्क में छूट और अन्य सुविधाएं दे रहा है।

### एचसीएल टेक का शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 4,350 करोड़ रुपये रहा। यह तिमाही आधार पर अब तक का सबसे अधिक मुनाफा है। एचसीएल टेक ने सूचना में कहा कि कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 4,096 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### भारत वायरिंग डिवाइस में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाएगा



**टोक्यो।** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस की अनुषंगी कंपनी पैनासोनिक इलेक्ट्रिक वर्क्स इंडिया (पीईडब्ल्यूआईएन) का लक्ष्य 2030 तक भारत के वायरिंग डिवाइस बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। पैनासोनिक इलेक्ट्रिक वर्क्स इंडिया के संयुक्त प्रबंध निदेशक तोशिनोबु कावासाकी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' अगले पांच वर्षों में भारत में हमारा ध्यान अपनी बाजार हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने पर होगा।

# भारत भविष्य की अनिश्चितताओं का सामना करने में सक्षम: एमपीसी सदस्य वर्मा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी भू-राजनीतिक झटकों का मजबूती से सामना किया है और यह आगे आने वाली अनिश्चितताओं से भी निपटने में सक्षम होगी।

- चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग घटी

वर्मा ने कहा कि उन्हें 2024 में अच्छे नतीजों की उम्मीद है, जब मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत रहेगी वर्मा ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी झटकों (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की बढ़ती कीमतों) का मजबूती से सामना किया है और मुझे नहीं लगता कि आने वाले महीनों में भू-राजनीतिक स्थिति बहुत खराब होगी।


## भू-राजनीतिक झटकों का भारत ने किया सामना

### खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका

वर्मा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर नीचे आएगी (क्षणिक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के अलावा)।' उन्होंने कहा कि पिछले साल खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका थी जिसे जल्द सुधार लिया गया।

### भारत अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम

भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर मुझे पूरा विश्वास है कि भारत आगे आने वाली अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम होगा।'



### अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी

भारत की अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक वृद्धि 2022 के 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### मुद्रास्फीति कम होगी

लाल सागर और भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग, बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हालिया हमलों के कारण खराब हो गई है।

एमपीसी सदस्य 2024 के लिए मुद्रास्फीति पर अपने दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें एक अच्छे परिणाम की उम्मीद है जहां मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत होगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेगी

# विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के उपायों की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट में उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा मुद्रास्फीति को नीचे लाने के उपायों को जारी रखेंगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। यह सीतारमण का लगातार छठा बजट होगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि उपभोग को बढ़ावा देने का एक तरीका लोगों के हाथों में अधिक पैसा देना है, और ऐसा करने का एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव करना या मानक कटौती में बढ़ोतरी के जरिये लोगों पर कर का बोझ कम करना हो सकता है।

### मनरेगा की धनराशि बढ़ सकती है

एक अन्य प्रस्ताव ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा के तहत धनराशि बढ़ाने और किसानों के लिए अधिक भुगतान से संबंधित है। विशेषज्ञों ने कहा कि आम चुनाव से पहले उपभोग को बढ़ावा देने के सीतारमण के प्रयास के तहत महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकते हैं।

### गरीब वर्ग में डिफॉल्ट की संख्या काफी बढ़ी

वाही ने कहा कि मूल्यवृद्धि का बड़ा प्रभाव समाज के गरीब वर्ग पर पड़ रहा है क्योंकि कर्ज चूक या डिफॉल्ट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की वृद्धि उतनी नहीं है जितना सरकार मानकर चल रही थी। सरकार का इरादा कृषि आय को दोगुना करने का था लेकिन महंगाई की वजह से इसे अभी तक हासिल नहीं किया जा सका है।



- बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की उम्मीद
- सरकार लोगों के हाथ में अधिक पैसा देनी चाह रही
- एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव हो सकता है

### समाज के कुछ वर्ग दबाव में

पंत ने कहा, 'लेकिन समाज के कुछ वर्ग दबाव में है। क्या हम उनके लिए कोई कदम उठाने को चार-पांच माह और इंतजार कर सकते हैं। यदि हम पांच महीने बाद कुछ करेंगे, तो उनकी स्थिति और खराब हो जाएगी। अंतरिम बजट में इस वर्ग के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।'

### लेखानुदान चार माह के खर्च करने की देता है अनुमति

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेन्द्र कुमार पंत ने कहा कि लेखानुदान का मुख्य उद्देश्य सरकार को अगले वित्त वर्ष के चार महीनों के लिए वेतन, मजदूरी, ब्याज और कर्ज भुगतान के लिए पैसा खर्च करने की अनुमति देना है।

### अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव नहीं होते शामिल

आमतौर पर आम चुनावों से पहले लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव या नई योजनाएं शामिल नहीं होती हैं। अंतरिम बजट में सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के चार माह के लिए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए संसद से अनुमति मांगेगी।

### एफएमसीजी ने दाम बढ़ाए है

विशेषज्ञों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्त उपभोग मांग से संबंधित मुद्दों का समाधान करने की तत्काल जरूरत है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार रजत वाही ने कहा कि कंपनियों ने एफएमसीजी और रोजमर्रा के इस्तेमाल के ज्यादातर उत्पादों के दाम पिछली आठ-10 तिमाहियों में बढ़ाए हैं।

### निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे

वाही ने कहा, ''ऐसे में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रभाव, उत्पादन लागत में बढ़ोतरी, महंगाई, ऊंची ब्याज दरों..इन सभी चीजों से निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं। सिर्फ ग्रामीण इलाकों में ही यह स्थिति नहीं है, बल्कि शहरों क्षेत्रों के गरीब वर्ग को भी इसकी मार झेलनी पड़ रही है।''

# भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक निर्यात हुआ दोगुना : आईसीईए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक का निर्यात जनवरी-सितंबर 2023 में सालाना आधार पर दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर हो गया। उद्योग निकाय आईसीईए ने यह जानकारी दी है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज महिंद्रू ने कहा कि यह भारत से अब तक का उच्चतम इलेक्ट्रॉनिक निर्यात है, जबकि अमेरिकी बाजार में चीन से आयातित इलेक्ट्रॉनिक की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।



- इलेक्ट्रॉनिक निर्यात जनवरी-सितंबर में दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर

महिंद्रू ने कहा, '' हालिया आंकड़े अमेरिका में भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हैं। यह चालू वर्ष (जनवरी-सितंबर) में करीब 253 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 6.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह अनुमानित 2.6 अरब डॉलर था।'

### 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि

आईसीईए के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका को भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2018 में अनुमानित 1.3 अरब डॉलर से 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2022 में अनुमानित 4.5 अरब डॉलर हो गया था। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार में भी 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है।

# देश से वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत घटा : सियाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

SIAM Society of Indian Automobile Manufacturers

- कई विदेशी बाजार मौद्रिक व भूराजनीतिक संकट से जुझ.रहे
- पिछले साल कुल वाहन निर्यात 42,85,809 इकाई रहा

देश से वाहन निर्यात में बीते साल (2023 में) 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने यह जानकारी दी। सियाम ने कहा है कि कई विदेशी बाजार मौद्रिक और भूराजनीतिक संकट से जूझ रहे हैं जिससे वाहन निर्यात में गिरावट आई है।

पिछले साल कुल वाहन निर्यात 42,85,809 इकाई रहा, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 52,04,966 इकाई था। हालांकि, 2023 में यात्री वाहनों का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 6,77,956 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,44,842 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में इस दौरान गिरावट आई है। दोपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 20 प्रतिशत घटकर 32,43,673 इकाई रह गया, जो 2022 में 40,53,254 इकाई था। इसी तरह, वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 88,305 इकाई से घटकर 68,473 इकाई रह गया। तिपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 4,17,178 इकाई से 30 प्रतिशत घटकर 2,91,919 इकाई रह गया। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 2023 में यात्री वाहन निर्यात को नए वाहनों की पेशकश और दक्षिण अफ्रीका और खाड़ी क्षेत्र जैसे बाजारों की दबी मांग से समर्थन मिला था।

### हुंडई ने 1,29,755 इकाइयां की निर्यात

यह एक साल पहले की समान अवधि के 1,92,071 इकाई के आंकड़े से छह प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर इंडिया ने इस दौरान 1,29,755 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,19,099 इकाई का था। इस अवधि में किआ इंडिया ने 47,792 इकाइयों का निर्यात किया।

# वैश्विक रुख से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल



**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह काफी हद तक बड़ी कंपनियों...एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के तिमाही नतीजों की घोषणा और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक रुझान भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''अब सभी की निगाहें कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेंगी।

# रीट, इनविट के जरिये 2023 में जुटाए गए 11,474 करोड़ रुपए

- सालाना आधार पर 10 गुना अधिक
- ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से निवेश बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) 2023 में पसंदीदा निवेश विकल्प बनकर उभरे हैं और इसके जरिये सालाना आधार पर 10 गुना अधिक 11,474 करोड़ रुपये जुटाए गए है।

क्लेरावेस्ट टेक्नोलॉजीज की सह-संस्थापक मानकी पारुलेकर ने कहा कि रीट और इनविट द्वारा धन एकत्रित करने में 2024 में महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिलेगी। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई नीतियों की शुरूआत




जैसे कर प्रोत्साहन तथा आसान निवेश मानदंड इसके मुख्य कारक हैं।, पारुलेकर ने कहा, 'इस साल हमें मुद्रास्फीति में अपेक्षित गिरावट के कारण 2024 की पहली छमाही में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

*निवेशक समुदाय को शिक्षित करने का प्रयास: इंडीग्रिड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्ष शाह ने कहा, 'भारतीय बाजारों में निवेश न्यासों की शुरुआत के बाद से रीट तथा इनविट ने इस नए निवेश क्षेत्र के बारे में निवेशक समुदाय को शिक्षित करने के लिए कई प्रयास किए हैं।'*

## रिजर्व बैंक ने तीन बैंकों पर लगाया जुर्माना ...




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए धनलक्ष्मी बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित तीन बैंकों पर कुल 2.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि 'ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध', केवाईसी और जमा पर ब्याज दर से संबंधित मानदंडों के कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए धनलक्ष्मी बैंक पर 1.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध'' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने ''बैंकों में ग्राहक सेवा'' पर जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 29.55 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# एफसीआई प्रौद्योगिकी अपना परिचालन लागत घटाए: गोयल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते सरकार
- परिचालन में भ्रष्ट्रातार रोकने की लगाई गुहार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से अपने समग्र कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने, परिचालन की लागत को कम करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीतने के लिए कहा।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल ने एफसीआई और उसके कर्मचारियों से किसी भी गलत काम को रोकने और अपने परिचालन में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करने को भी कहा। व ह खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

एफसीआई की स्थापना 14 जनवरी, 1965 को हुई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करान के लिए एफसीआई की सराहना की। उन्होंने एफसीआई और उसके कर्मचारियों को तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

### ईमानदारी से किसानों तक पहुंच बनाएं

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''सबसे पहले हमें अपने किसानों के साथ-साथ लाभार्थियों (गरीब और निम्न-मध्यम आय वालों) का विश्वास जीतना चाहिए। लोगों का विश्वास जीतना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और हमें संवेदनशीलता और ईमानदारी से उन तक पहुंच बनानी चाहिए।''

### हमें डिजिटलीकरण को अपनाना चाहिए

मंत्री ने कहा, खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण और वितरण को पूरी ईमानदारी के साथ पारदर्शी तरीके से करने पर जोर दिया। दूसरी बात, गोयल ने कहा, ''हमें परिचालन दक्षता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण को अपनाना चाहिए।''

## हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति व मांग पर निर्भर

# अनुकूल हवाई किराए से ही लोग यात्रा करेंगे: विस्तारा सीईओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विस्तारा के प्रमुख विनोद कन्नन ने कहा है कि हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति और मांग पर निर्भर करता है। पूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कन्नन ने उम्मीद जताई कि विमान टिकट के दाम ऐसे 'अनुकूल स्तर' पर आ जाएंगे, जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस कमाई करेंगी। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम विस्तारा अभी प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है। हवाई टिकटों की कीमतें अधिक होने की कुछ हलकों की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब टिकट के दाम बढ़ते हैं, तो लोग शिकायत करते हैं, लेकिन जब दाम घटते हैं, तो कोई इसकी सराहना नहीं करता।

- लोग यात्रा करेंगे तो एयरलाइंस कमाई करेगी

### 20 साल में दिल्ली-मुंबई का किराया नहीं बदला

सीईओ ने कहा, ''ऐसी स्थितियों में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह कीमत बढ़ाने का अवसर नहीं है।'' उन्होंने कहा, यदि आप सालाना आधार पर देखें, तो पिछले 20 साल के दौरान दिल्ली से मुंबई के किराये में बदलाव नहीं आया है। यदि आप एक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए औसत किराये को देखें 2000 के दशक की शुरुआत में और आज में बहुत अंतर नहीं पाएंगे।



### हम पश्चिमी बाजारों इतने परिपक्व नहीं

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि भारत में हवाई किराया उस स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां यह वैश्विक स्तर की बराबरी कर लेगा, कन्नन ने कहा कि यह वृद्धि का रुख तय करेगा। उन्होंने कहा कि हम शायद कुछ पश्चिमी बाजारों जितने परिपक्व नहीं हैं

### विशेष सीजन में ही दाम चढ़ते हैं

साल में कई बार किसी विशेष सीजन में दाम चढ़ते हैं। 2023 में हमारा किराया तो 2022 से भी कम था।'' कन्नन ने बातचीत में कहा, ''यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय किए गए हैं कि हवाई किराया 'अतार्किक' नहीं हो। खासकर प्राकृतिक आपदा या कुछ विशेष घटना होने पर।''

*किफायती एयरलाइंस की संख्या में वृद्धि हुई*

*कन्नन ने कहा कि इसकी एक वजह क्षमता बढ़ोतरी, किफायती एयरलाइंस की संख्या में वृद्धि और कई अन्य बाते हैं। ''मूल्य निर्धारण... आपूर्ति और मांग का एक कार्य है।*

चिंतन

# डब्ल्यूईएफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उम्मीदें

आज जब विश्व कई आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है, पिछले एक दशक से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त बनी हुई है, कई बार सरकारें भुगतान संकट में फंस चुकी हैं, रूस व यूक्रेन जंग, हमास व इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आदि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आसन्न संकट बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सोमवार से दावोस में शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक पर विश्व की निगाहें टिकी हुई हैं। रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। पहली बार दुनियाभर के 90 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक का गवाह दावोस बना है। स्विट्जरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सैकड़ों देशों के 2,800 से अधिक नेता विश्व के तमाम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक डब्ल्यूईएफ में चर्चा का विषय होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा है। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में एक बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था। इस 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। विश्व आर्थिक मंच पांच दशक से अधिक समय से दावोस में इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। कई मौकों पर यहां प्रमुख चिंताओं के लिए सकारात्मक परिणाम निकाले गए हैं। मंच खुद को दुनिया की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश करता है। बैठक से पहले ऑनलाइन आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में होगी। इस साल वार्षिक बैठक का विषय 'रीबिल्डिंग ट्रस्ट' (फिर से भरोसा कायम करना) है। इस समय दुनिया गंभीर रूप से भरोसे के संकट से गुजर रही है। अमेरिका, चीन, रूस, ईरान समेत कई देश हैं जो अपने अपने हित के लिए ग्लोबल गोलबंदी में फंसे पड़े हैं। डब्ल्यूईएफ का कहना है कि बैठक आर्थिक वृद्धि, जलवायु तथा प्रकृति कार्रवाई, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रशासन और मानव विकास सहित वैश्विक अनिवार्यताओं पर बातचीत, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देगी। अगर डब्ल्यूईएफ की बैठकों से विश्व में चल रहे आर्थिक संकटों का हल निकालने की दिशा में कुछ भी ठोस कार्ययोजना तैयार हो सकी तो यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इस वक्त खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, ईंधन आपूर्ति, हरित विकास आदि प्रमुख ग्लोबल आर्थिक समस्या बने हुए हैं।

# हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार



सेना दिवस
डॉ. एल.एस. यादव

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। चीन व पाक से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सीमा पर सड़कों के जाल बिछाया गया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

सेना दिवस स्वतन्त्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अवसर है जब 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमान्डर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परम्परा की शुरूआत हुई। तब से सेना ने देश को सही मायने में अखण्ड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। यही नहीं तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार इजाफा हुआ है।

चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी, क्योंकि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर नीचे खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां साल के अधिक दिनों बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इस टनल की मदद से भारतीय सेना आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी। यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। योजना के मुताबिक इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाना था, परन्तु कोविड के कारण इसे समय पर पूरा नहीं किया जा सका। अब इसका काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं।

चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि इस इलाके में उसकी मंशा पीछे हटने की नहीं है। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले उंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बेनतीजा रही है। ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की मांग पर दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ



जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके अनेक परीक्षणों के बाद डीआरडीओ ने इस स्वदेशी हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बीआईएस लेबल 5 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेबल 6 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 9.2 किलोग्राम है जो विदेशी जैकेटों की तुलना में क्रमशः एक व ढाई किलोग्राम कम है। फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं। नई जैकेटें वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं और स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं।

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना की सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था। यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा। यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सैटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा। यूं तो भारतीय सेना के पास अनेक तरह के सैन्य उपग्रह हैं, लेकिन यह नई सीरीज का आधुनिक उपग्रह होगा। यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो भारतीय सेना के लिए कई सैन्य उपग्रह बना चुका है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की महत्ता को देखते हुए भारतीय सेना इसके प्रयोग पर फोकस कर रही है। चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। ये पहाड़ी इलाकों में वजन ले जाने में भी सक्षम हैं। चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारुद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है। इन मसलों को लेकर अक्टूबर 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे। इसमें मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था। इसके साथ ही सेना की भविष्य की रणनीति व सामरिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

चीन सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है। अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार प्रणाली से सुसज्जित यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में शत्रु के किसी भी दुस्साहस का उत्तर देने तथा जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजीमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलीकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

नया शोध
बाल मुकुन्द ओझा



# बोतलबंद पानी सेहत के लिए अत्यंत जहरीला

आजकल बोतल का पानी पीने का रिवाज व्यापक रूप से प्रचलन में है। घर हो या बाहर हर जगह बोतल का पानी सर्व सुलभ है। इस पर हुए अनेक शोध में बोतलबंद पानी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। हाल ही में इसे लेकर हुए एक नए शोध में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। अमेरिका में हुए नए अध्ययन में सामने आया है कि दुकानों में बिकने वाले बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। शोध में स्पष्ट रूप से इस पानी को जहरीला बताया। रिपोर्ट में बताया गया है पानी की बोतल में मिलियन की संख्या में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को हानि पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार दोहरे लेजर का उपयोग करके माइक्रोस्कोप द्वारा पता लगाया है कि बोतलबंद पानी के औसत लीटर में दो मिलियन से अधिक छोटे नैनोप्लास्टिक के अदृश्य टुकड़े होते हैं। कोलंबिया एंड रटगर्स यूनिवर्सिटीज के शोधकर्ताओं पता लगाया है कि तीन कॉमन बोतलबंद वाटर ब्रांड के प्रत्येक के पांच नमूनों को देखते हुए पाया एक लीटर पानी में 110,000 से 400,000 प्लास्टिक के टुकड़े थे, जो औसतन लगभग 240,000 हैं। ऐसे कण हैं जिनका आकार एक माइक्रोन से भी कम है। एक इंच में 25,400 माइक्रोन होते हैं - जिन्हें माइक्रोमीटर भी कहा जाता है क्योंकि यह एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। एक इंसान का बाल लगभग 83 माइक्रोन चौड़ा होता है।


अध्ययनों में थोड़े बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पाए गए थे जिनकी रेंज 5 मिलीमीटर से लेकर एक चौथाई इंच से भी कम, एक माइक्रोन तक है। अध्ययन में पाया गया कि बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में लगभग 10 से 100 गुना अधिक नैनोप्लास्टिक पाए गए। आज घर घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक की बोलत में पानी पीने से डायबिटीज सहित शरीर के विभिन्न अंगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या भी हो सकती है। ये बोलतें बाइफिनाइल एक एस्ट्रोजन-मिमिकिंग केमिकल होता है, जो डायबिटीज, मोटापा, प्रजनन संबंधी समस्याएं, व्यवहार संबंधी समस्याएं और लड़कियों में जल्दी प्यूबर्टी का कारण बनता है। बताया जाता है प्लास्टिक से होने वाली हानि से सुरक्षित रहने के लिए प्लास्टिक की बोतल के बजाय तांबे, कांच या स्टेनलेस स्टील की बोतल से पानी पीना अधिक सुरक्षित है ।

पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

देश और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा घर, ऑफिस या कोई जगह हो जहां प्लास्टिक का उपयोग ना होता हो। यह सही है की प्लास्टिक के उपयोग ने मनुष्य के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। लेकिन इसका व्यापक स्तर पर उपयोग होने की वजह से यह अब धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत में प्रत्येक दिन 9205 टन प्लास्टिक का कचरा जमा होता है और इसे रिसाइकल किया जाता है. इसके साथ ही करीब 6100 टन ऐसा प्लास्टिक कचरा होता है, जो धरती पर स्थित नदी, नालों और पर्वतों पर ही पड़ा रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेला भारत देश हर वर्ष 56 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने के कारण इसका निपटारा करना दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक का नष्ट होना 500 से 700 साल बाद शुरू होता है और प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 1000 साल का समय लगता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

सटाका




आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें

आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए। सरकार को आम उपभोक्ताओं के पक्ष में कोई कानून बनाना चाहिए। – *कमल किशोर पांडे, दुर्ग*

ट्रेंड

### समर्पण के प्रतीक सैनिक

सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है।
-कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान



### एफसीआई भ्रष्टाचारमुक्त बने

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए, 'भ्रष्टाचार-मुक्त' बने। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री



### इतिहास दोहराएगा

'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया थी।
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता



### प्रतिभा नहीं है क्या


भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास क्या अपनी कोई प्रतिभा नहीं है। भाजपा के उन कार्यकर्ताओं का क्या जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका यह बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में आया है।
-सुप्रिया सुले, राकांपा नेता



करंट अफेयर

## इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक लड़ेगा

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में जारी युद्ध के 100 दिन पूरे होने के बीच कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक युद्ध जारी रखेगा और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) समेत कोई उसे रोक नहीं सकता। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के इन आरोपों को लेकर दो दिन सुनवाई की कि इजराइल फलस्तीनियों का जनसंहार कर रहा है। इजराइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नेतन्याहू ने आईसीजे में सुनवाई के बाद यह बयान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यायालय से इजराइल को यह आदेश देने का अनुरोध किया है कि वह अपने भीषण हवाई और जमीनी हमलों को अंतरिम कदम के तहत रोके।



आईसीजे का मुख्यालय हेग में है। नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया का जिक्र करते हुए शनिवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा, 'हमें कोई नहीं रोकेगा, न हेग, न कोई और।' अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष मामले की सुनवाई वर्षों तक चलने की संभावना है लेकिन अंतरिम कदमों पर फैसला कुछ हफ्तों के भीतर आ सकता है। न्यायालय के फैसले बाध्यकारी हैं लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है।

ऑफ बीट

## जिज्ञासु बच्चों का सवाल : दुनिया में कितना पैसा है?

लंदन के 10 वर्षीय सुबामे का सवाल है कि दुनिया में कितना पैसा है? अगर हम यह कहें कि दुनिया में कितना धन है तो इसकी शुरुआत लोगों की जेब,



गुल्लक, अलमारी तथा नकदी मशीनों में रखे सभी नोट और सिक्कों की गिनती से करना सही होगा। चलिए पाउंड से शुरू करें। सिक्कों और नोट के रूप में करीब 84 अरब पाउंड की ब्रिटिश मुद्रा है। साथ ही 2,236 अरब डॉलर अमेरिकी मुद्रा, 1,578 अरब यूरो की यूरोपीय संघ की मुद्रा और 9,616 अरब युआन की चीनी मुद्रा के साथ ही कई अन्य मुद्रा में धन मौजूद है। चूंकि हर देश में पैसा एक जैसा नहीं होता है, दुनिया के सभी सिक्कों और नोटों को जोड़ने का मतलब है कि आपको यह मापने की ज़रूरत है कि ब्रिटिश पाउंड में एक अमेरिकी डॉलर, एक भारतीय रुपया या एक चीनी युआन का मूल्य कितना है। अगर ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ऐसा किया जाए तो इसके जोड़ने पर कुल 6,113 अरब पाउंड बैठेगा। यह धन राशि बहुत तेजी से बदल सकती है। और हो सकता है कि जब आप इस लेख को पढ़ें तो यह पहले ही पुरानी हो जाए। इसका आंशिक कारण यह है कि देश हर समय पैसा छापते रहते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव में जमकर थिरके विदेशी



## उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' रखी

एजेंसी ▶▶ बीकानेर



हर साल की भांति इस बार भी अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का रंगारंग आगाज हो चुका है। पहली बार धरणीधर मैदान में आयोजित होने वाले इस ऊंट उत्सव उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' है। इस उत्सव में हेरिटेज वॉक, बीकानेर कार्निवल साथ ही क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ़ आर्ट्स पर आधारित कई कार्यक्रम हुए।

ऐतिहासिक रामपुरिया हवेली से हेरिटेज वॉक के जबरदस्त कार्यक्रम हुआ। इसमें विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, आईजी ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने हरी झंडी दिखाकर इस वॉक को रवाना किया।

### रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार

मेहमानों के आदर सत्कार और मीठी मनुहार की बीकानेरी परंपरा का रंग पूरी हेरिटेज वॉक के दौरान नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे स्थानीय कलाकारों के दलों के साथ कदमताल मिलाते, देसी विदेशी पर्यटकों का उत्साह भी देखने लायक था।





### गृहमंत्री शाह ने भी पतंग उड़ाई

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान पतंग उड़ाई।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में आज से खुलेंगे सभी स्कूल, समय बदला



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार से सभी स्कूल खुलेंगे। कोई भी स्कूल सुबह 9 बजे से पहले शुरू नहीं होगा। शाम 5 बजे के बाद नहीं चलेगा। शिक्षा निदेशालय ने बीते रविवार को कहा था कि दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूल और फिजिकल कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी।

### प्राण प्रतिष्ठा की 'जन-जागरण' में दिखीं नूपुर



**अयोध्या।** देश के कई इलाकों में हिंदूवादी संगठन अलग-अलग यात्राएं निकाल रहे हैं। ऐसी ही एक यात्रा दिल्ली में निकाली गई, जिसमें भाजपा से निष्कासित प्रवक्ता नूपुर शर्मा सार्वजनिक रूप से दिखाई दी हैं। इससे पहले नूपुर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' देखने के लिए गई थीं।

### एयरोब्रिज पर घंटों फंसे रहे इंडिगो के यात्री



**मुंबई।** मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट घंटों तक छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयरोब्रिज पर फंसे रहे, जिससे मुंबई एयरपोर्ट पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। यात्रियों ने कहा कि एयरोब्रिज पर एयर सर्कुलेशन नहीं था।

### आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली फैक्ट्री में आग



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। इस कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना रविवार अल सुबह 4 बजकर 10 मिनट की है। गनीमत ये रही कि आगजनी की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### पीएम मोदी आह्वान पर देशभर के मंदिरों में साफ-सफाई अभियान शुरू

# नड्डा, योगी समेत कई सीएम और सांसदों ने लगाई झाड़ू, अधिकारी भी रहे शामिल

केंद्र के कई मंत्रीगण, राज्यों के सीएम और सांसद विधायक भी रहे शामिल

## अयोध्या से लेकर पूरे देश के मंदिरों में राजनेताओं और राजनयिकों ने स्वच्छता का संदेश दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संगमनगरी में मंदिरों में साफ सफाई अभियान शुरू हो गया। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंदरीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई सीएम और सांसद भी सफाई अभियान में शामिल रहे। प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने मसूरियादीन मंदिर में साफ-सफाई की, जबकि कमिश्नर विजय विश्वास पंत और कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने श्री बड़े हनुमान मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया।

बड़ी संख्या में साधु-संतों और मंदिर के कर्मचारियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनमानस द्वारा सफाई का कार्य हो रहा है। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मंत्रियों और नेताओं द्वारा सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद जायसवाल, मोदी मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र, अंजू शुक्ला, आभा भारती, नरेंद्र जायसवाल, पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, स्मृति श्रीवास्तव, मीनू पांडेय, प्रमोद पांडेय, दिलीप केसरवानी, संजय केसरवानी, पार्षद मुकेश कसेरा, विवेक



### संत रविदास मंदिर में नड्डा ने लगाई झाड़ू

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को दिल्ली के संत रविदास मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई करके पार्टी के तीर्थ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। तीर्थ स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर में सफाई करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर पार्टी ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से 22 जनवरी तक हम प्रत्ये क तीर्थस्थल और मंदिर के सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे।

### सीएम योगी ने झाड़ू लगाकर शुरू किया स्वच्छता अभियान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। अयोध्या को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। वहीं यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने बी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### श्री बड़े हनुमानजी मंदिर में भी चला अभियान

पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने पदाधिकारियों संग मकर संक्रांति पर्व से शुरू होकर 21 जनवरी तक अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता एवं भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के लिए भजन कीर्तन करने के लिए रविवार को संगम तट, दशाश्वमेध घाट, प्रभु घाट, अष्टभुजा घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया।

### सीएम पटेल ने गांधीनगर में की सफाई

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले स्वच्छता अभियान के तहत गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। साफ सफाई के बाद सीएम ने गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।



### मंत्री धर्मेंद्र ने भी सफाई में लिया हिस्सा

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके तहत उन्होंने ओडिशा के अंगुल में स्थित मां हिंगुला मंदिर में साफ-सफाई की।इस दौरान कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी।प्रधान श्री वेणीमाधव मंदिर के प्रधान पुजारी सर्वदा तिवारी ने गंगा तटों की स्वच्छता पूरे भारत में दूसरे स्थान पर आने पर अनामिका चौधरी को बधाई दी।

### कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर टीएमसी का तंज

## अपनी जमीन बचती नहीं और निशाना सितारों पर साध रहे



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल टीएमसी और कांग्रेस के बीच एक बार फिर तकरार तेज हो गई है। असम हिल्स परिषद के चुनाव में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन पर टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने तंज कसा है।अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस तारों को निशाना बनाने में जुटी है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की कांग्रेस की महत्वाकांक्षा पर सवाल खड़ा किया है। दरअसल, असम के दिमा हसाओ जिले में उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद में कांग्रेस की निराशाजनक हार के बाद टीएमसी नेता ने हमला बोला है। अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस असम में तो अपनी जगह वापस पा नहीं पा रही, लेकिन बंगाल में सितारों को निशाना बनाने जैसी आकांक्षाएं लगाए बैठी है। कांग्रेस की ओर से बंगाल में ज्यादा सीट मांगने पर निशाना साधा है। बेनर्जी ने कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन बचा नहीं पा रही और दूसरे राज्यों में बड़े सपने देख रही है।

## कोहरे-शीतलहर की चपेट में पूरा उत्तर भारत



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर रविवार को लखनऊ में सर्द सुबह कोहरे के बीच लोग इस तरह दिखा दे रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली समेत कई राज्यो में लोग कोहरे के कारण हलाकान है। यात्रियों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ठिठुरन के कारण लोग परेशान हैं।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया दावा

## 74 फीसदी मुसलमान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से खुश

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने दावा किया कि देश के अधिकतर मुसलमानों का मानना है कि भगवान राम सभी के हैं और उन्होंने राम मंदिर के पक्ष में अपनी राय दी है।

गुजरात के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से किए गए सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए एमआरएम ने दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य चाहते हैं कि तथाकथित उलेमा, मौलाना और विपक्षी नेता जो इस्लाम के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, उनका पूर्ण बहिष्कार किया जाना चाहिए। आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार की अगुवाई वाले एमआरएम ने सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 74 प्रतिशत मुस्लिम राम मंदिर के निर्माण से खुश हैं। सर्वेक्षण में 72 फीसदी मुसलमानों ने मोदी अपनी राय दी है। सर्वेक्षण में 26 प्रतिशत मुसलमान ऐसे थे जिन्होंने मोदी सरकार पर कोई भरोसा नहीं जताया है।

## राहुल की खत्म होती टीमः 2019 के बाद से अब तक कांग्रेस को अलविदा कह चुके इस पार्टी के कई नेतागण

# सिब्बल, आजाद , सिंधिया समेत अब तक 11 दिग्गज तोड़ चुके कांग्रेस से नाता

देवड़ा कांग्रेस छोड़कर जाने वाले पहले और आखिरी नेता नहीं हैं। इस सूची में गुलाम नबी, सिब्बल और जितिन जैसे बड़े नेताओं का नाम भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस से इस्तीफे के बाद पार्टी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले एक बड़ा झटका लगा है। ये कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका इसलिए भी है क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है। मिलिंद समेत अब तक 11 बड़े नेताओं ने अपना नाता तोड़ चुके हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल हैं जो 2022 को कांग्रेस से नाता तोड़ था। कांग्रेस के दिग्गज नेता गुलाम नबी आज़ाद ने 2022 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार ने ने 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने जनवरी 2022 को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 2020 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। जितिन प्रसाद ने 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने पिछले साल जनवरी में पार्टी छोड़ दी। इसी तरह हार्दिक पटेल ,सुनील जाखड़ और अल्पेश ठाकोर कांग्रेस को टाटा कह चुके हैं।

### ये रहे प्रमुख नाम





### यात्रा सफल हो या विफल, विचारधारा की लड़ाई है: अधीररंजन



अधीर रंजन चौधरी ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में ये यात्रा मणिपुर से मुंबई तक जाएगी। यात्रा सफल या विफल , विचारधारा की लड़ाई है।

### खरगे का संबोधन

#### पंडित नेहरू ने मणिपुर को भारत का गहना बताया था

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं लेकिन मणिपुर नहीं आते। उनके मुख में राम और बगल में छुरी है। खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। शायराना अंदाज में कहा कि जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का फिर देखना फिजूल है, कद आसमान का।

### ये है यात्रा का 'ठिकाना '


#### यूपी में सबसे ज्यादा यात्राएं

भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमीऔर 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।

#### मध्य प्रदेश में 7 दिन, 698 किमी और 9 जिलों में जाएगी

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की यह यात्रा 7 दिनों में 698 किमी और 9 जिलों को कवर करेगी। यह एक दिन में राजस्थान के 2 जिलों में जाएगी। गुजरात और महाराष्ट्र में 5-5दिन तक चलेगी, जो क्रमशः 445 किमी और 479 किमी की दूरी तय करेगी। ओडिशा में न्याय यात्रा चार दिन में 341 किमी और चार जिलों को कवर करेगी और छत्तीसगढ़ में पांच दिन में 536 किमीऔर सात जिलों को कवर करेगी। कांग्रेस की यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11 दिन का समय बिताएगी और 20 जिलों को कवर करेगी। यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और 7 जिले शामिल होंगे। बिहार में 4 दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में यात्रा आठ दिन में 804 किमी और 13 जिलों को कवर करेगी।

#### यात्रा का समय 'अशुभ काल': आचार्य कृष्णम



भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर पार्टी के ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यात्रा ऐसे समय में शुरू की जा रही जब पंचक लगा हुआ है। यात्रा के लिए यह 'अशुभ काल' है। उन्होंने पार्टी के उन नेताओं पर भी सवाल उठाया जो अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मुहूर्त को लेकर बयान दे रहे थे।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर होंगे विभिन्न आयोजन



**जबलपुर**। आगामी 17 जनवरी को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व है, जिसे शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन गुरुद्वारा रांझी में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। इस बात की जानकारी एक पत्रकार वार्ता के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा दी गई।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिद्ध सभा रांझी और गुरु रामदास सेवा समिति, यंग मेन खालसा, निर्भय निरवैर सेवा जत्था, यूथ खालसा जत्था, स्त्री सत्संग सभा रांझी के प्रयासों से यह आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रकाश उत्सव के दिन खालसा स्कूल प्रांगण में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंथ के रागी जत्था भाई भूपेंद्र सिंह फिरोजपुर अमृतसर वाले, कथावाचक ज्ञानी हरजीत सिंह हरमन शाहाबाद मारकंडा हरियाणा से आए हुए हैं। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया गया कि पांच श्री अखंड पाठ हो रहे हैं। जो की 7 जनवरी से शुरू हो चुके हैं, और आगामी 17 जनवरी तक चलेंगे। 10 दिन की प्रभात फेरी भी निकल जा रही है। और इस प्रभात फेरी का स्वागत धर्म प्रेमियों द्वारा काफी उत्साह से किया जा रहा है। 17 जनवरी को 12:00 बजे से गुरु जी का लंगर शुरू होगा, और इसमें सभी धर्मावलंबियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। इसके अलावा रोटरी क्लब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा और हॉस्पिटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

इस पत्रकार वार्ता के दौरान प्रधान सतपाल सिंह संधू, जनरल सेक्रेटरी अजायब सिंह गूमर, सेक्रेटरी जगजीत सिंह दुआ, जरनैल सिंह, गजेंद्र सिंह सरना, बलवीर सिंह, कुलबीर लम्बा, हरदीप सिंह काके गूमर, दिलीप सागर बलजीत दुआ, उदीप गिल की उपस्थिति रही।



# मकर संक्रांति पर पंचकुंडीय सर्वकल्याण महायज्ञ संपन्न

**गंजीपुरा आर्य समाज का आयोजन**

**जबलपुर**। जबलपुर की समस्त आर्य संस्थाओं के सहयोग से आर्य समाज गंजीपुरा के तत्वावधान में रविवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पञ्च कुण्डीय सर्वकल्याण महायज्ञ आर्य समाज दयानंद भवन, डॉ बराट रोड नेपियर टाउन में संपन्न हुआ। आर्य समाज नेपियर टाउन के पुरोहित आचार्य धीरेंद्र पांडे जी के नेतृत्व में हुए इस यज्ञ कार्यक्रम में मकर संक्रांति पर्व को लेकर विशेष आहुतियां भी दी गईं। आचार्य जी ने इस अवसर पर मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर भी प्रकाश डाला। यज्ञ के उपरांत हुए कार्यक्रम में कई सुंदर भजनों की प्रस्तुति हुई। इसमें भगवान राम को लेकर कई भजन प्रस्तुत किए गए जिससे माहौल राममय हो गया। भजन गायक राकेश चौरसिया के उपरांत बच्चियों केतन और प्रज्ञा ने भी सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। श्रुति ने इस अवसर पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। कुछ अन्य बच्चों ने भी इस अवसर पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। अंत में गोरखपुर आर्य समाज के पुरोहित पंडित सत्येंद्र शास्त्री जी के प्रवचन हुए। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों से धर्म शब्द की व्याख्या की। इस अवसर पर गंजीपुरा आर्य समाज के पदाधिकारियों सहित नेपियर टाउन, गोरखपुर और जीसीएफ आर्य समाज के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आर्य समाज गंजीपुरा के मंत्री योगेंद्र प्रधान ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की उपस्थित रही।



# पावर वॉरियर्स बना ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग चैंपियन

## महिला वर्ग में पावर एंजल्स विजेता

**जबलपुर**। एमपी ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में पावर वॉरियर्स की टीम ने सिस्टम बुल्स को 6 रन से हराकर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। सिस्टम बुल्स के तरुण विजयकर को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेता टीम और खिलाडियों को एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने पुरस्कार वितरित किया। पहले खेलते हुए पावर वॉरियर्स ने इकबाल खान के 43 और सुमंत मिश्रा के 13 रनों की बदौलत निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 97 रन बनाए। सिस्टम बुल्स के अमिनुर रहमान ने 3 तथा दीपक पटेल ने 2 विकेट लिए। जवाब में सिस्टम बुल्स की टीम रन 91 बनाकर आउट हो गई। यदुराज राज ने 28 व ख्वाजा तबरेज़ ने 27 रन बनाए। विकल्प खरे ने तीन विकेट हासिल किया।

### रोमांचक रहा मुकाबला

महिला फाइनल भी स्वाशरोधक रहा। पावर एंजेल्स ने पावर प्रिंसेस को इस रोमांचक मुकाबले में 11 रन से पराजित करते हुए महिला वर्ग मे विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पहले खेलते हुए पावर एंजेल्स की टीम ने रजनी के 28, मोनिका के 18 और आकांक्षा के10 रनों की मदद से निर्धारित ओवरों में 72 रन बनाए। वर्षा व निकेता ने एक- एक विकेट लिया। 73 रन के लक्ष्य का पीछा करते पावर प्रिंसेस की टीम 61 रन ही बना सकी। निकिता सिद्धा ने संघर्षपूर्ण 29 रन बनाए।

### एमपी ट्रांसको की टीम ने वेस्ट ऑफ थ्री श्रृंखला जीती

नगर के कारपोरेट जगत में पहली बार वेंडर्स और सप्लायर की टीम के साथ आपस में मैच खेलने की परंपरा का एम पी ट्रांसको द्वारा नवाचार किया गया। इसी सिलसिले में एमपी ट्रांसकों की संयुक्त टीम और वेंडर्स इलेवन की सुपर किंग्स टीम के बीच तीन मैचों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। कप्तान एस सी घोष की करिश्माई गेंदबाजी की बदौलत एमपी ट्रांसको की संयुक्त टीम ने वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स की सुपरकिंग टीम को बेस्ट आफ थ्री के आखिरी मुकाबले में 54 रन से हरा दिया। पहले खेलते हुए एमपी ट्रांसको की संयुक्त टीम ने 90 रन बनाए। शुभम सिकदर ने 35 और तरुण विजयकर ने 26 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। अजय ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकट लिये। जवाब में कप्तान एस सी घोष ने 5 विकेट लेकर सुपर किंग्स की टीम को कभी संभलने का मौका नहीं दिया और सुपर किंग्स 36 रन ही बना सकी। सुपर किंग्स की ओर से नीलेश ने 17 रन बनाए।

# पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ सूर्य नमस्कार से



**जबलपुर**। प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर में पाँच दिवसीय योग शिविर का समापन सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संस्थान के अपर संचालक / प्राचार्य डॉ. आर.के. स्वर्णकार की अध्यक्षता में दिनांक 08/01/2024 से प्रारंभ होकर आज दिनांक 12/01/2024 को सूर्य नमस्कार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान में संभाग के नी जिलों के 70 बी.एड. एवं एम.एड. के शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों ने योग शिविर में भाग लिया। यह शिविर प्रातः प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित किया गया। प्रातः 08:00 बजे से 09:15 तक विभिन्न आसनों जैसे ताड़ासन, बजाशन, शवासन, हलासन, मण्डूकासन, मकरासन, पवनमुक्तासन, पद्मासन, गोमुखासन एवं सवांर्गआसन का अभ्यास प्रतिदिन कराया गया। इसके पश्चात 09:15 से 10:00 बजे तक प्राणायाम : अनुलोम-विलोम, भत्रिका, कपालभांति, भ्रामरी, उद्गीथ प्राणायाम, अग्निसार क्रिया का अभ्यास प्रतिदिन कराया गया। इसके साथ ही 10:00 बजे से 10:15 बजे तक ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में योगाचार्य श्री शंकर लाल जड़िया एवं डॉ. आर. के. स्वर्णकार, अपर संचालक/प्राचार्य द्वारा प्रतिदिन योग का अभ्यास कराया गया। संस्थान का यह आयोजन शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से एक अभिनव प्रयास था। जिसका लाभ सभी प्रशिक्षणार्थियों ने लिया। प्रदेश के अन्य महाविद्यालयों-विद्यालयों की भांति सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का अभ्यास विशेष रूप से कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के आचार्य डॉ. ए.एन. माथुर, श्री जी.पी यादव, श्रीमती अर्चना दुबे, डॉ. रीना जैन, श्री प्रमोद श्रीवास्तव, श्री शेख मुनीर एवं डॉ. सारिका चौकसे सहभागिता की।



# स्वच्छता की दिलाई शपथ

**जबलपुर**। नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की आई. ई. सी. टीम एवं वार्ड मै विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में विधायक के अनुज श्री विजय रोहाणी, नगर निगम अधिकारी डी.ओ. चेतना चौधरी, आरआई सर, नरेंद्र राजपूत, सी.एस.आई. पोला राव एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं यहां उपस्थित सभी आम नागरिकों को समझाइश दी गई कि अपने आस पास ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई का ध्यान रखें और लोगों को स्वच्छता के बारे में प्रेरित किया गया।

# जागरूक क्रिश्चियन मंच ने दी नए विशप को बधाई

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक क्रिष्चियन मंच के प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि डॉ. फादर वलम अरासु को जबलपुर धर्मप्रांत का नया बिषप बनाए जाने पर जागरूक क्रिष्चियन मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ध्यान रहे डॉ. फादर वलन अरासु वर्तमान में संत अलॉयसियस महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। संघ ने आगे बताया कि डॉ.वलम अरासु कन्याकुमारी जिले के इनायम शहर के रहने वाले हैं एवं वर्षों से अपनी सेवा क्रिष्चियन समाज के लिए प्रीस्ट के रूप में देते आ रहे हैं साथ ही षिक्षा के क्षेत्र में भी उच्च षिक्षा के विकास के लिए कॉलेज प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं देते आ रहे है। अब वे जबलपुर धर्म प्रांत के लिए अपनी सेवाएं बिषप के रूप में देंगे जिससे समाज को एक नई दिषा मिलेगी।मंच के प्रदेष अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, संयोजक जेम्स एन्थोनी, क्रिस्टोफर नरोना, केरोलिन अब्राहम, क्लेमेंट पायस, फ्रांसिस अन्थोनी, स्टेनली नॉबर्ट, फिलिप अन्थोनी, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अल्बर्ट अन्थोनी, सुधीर पावेल, लॉरेन्स मार्टिन, अरूण मार्टिन, सुनील रिर्चडसन, विक्टोरिया दास, विनीता फ्रांसिस, केरोलिन अब्राहम, ज्योति लाजरस, मोनिका रसेल, रोस मेरी आदि ने नव निर्मित बिषप को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ असंतुष्ट, अब पदाधिकारी मिलेंगे मुख्यमंत्री से



**जबलपुर**। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के पदाधिकारियों एवं अन्य सामाजिक संगठनो की एक विशेष बैठक अमर शहीद गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक पर दिनांक 14 जनवरी को 2024 में शाम 4:00 बजे संपन्न हुई इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की गोंडवाना समाज की धरोहर बचाने का प्रयास गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के पदाधिकारी विगत 1980 से कर रहे हैं जिसको वन विभाग से खाली कराकर राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के स्मारक स्थल और आदिवासी संस्कृति को सुसज्जित रखने के लिए भूमि का आवंटन किया हुआ उस पर दिए गये गोंडवानासंघ के प्रस्ताव को इंटेक कंपनी द्वारा ना मानकर मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है जिससे आदिवासियों की संस्कृति का प्रचार-प्रसार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है इस सब को लेकर तय किया गया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव से भोपाल जाकर पूरी वास्तविकता से अवगत कराया जाएगा इस संबंध में जनजाति कार्यमंत्री एवं आयुक्त आदिवासी भोपाल से भी चर्चा की जाएगी ।साथ ही जल जंगल जमीन से संबंधित मामला छत्तीसगढ़ का है जो हसदेव के जंगल है उसको बेचा जा रहा है जिससे आदिवासियों को जंगल से अलग किया जा रहा है इस संबंध में भी तय किया गया है कि भारत की राष्ट्रपति माननीया महामहिम श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी को भी दिल्ली में एक ज्ञापन सोपा जाएगा और उन्हें वास्तविकता से अवगत कराया जाएगा तथा अनुरोध किया जाएगा की जल जंगल जमीन के प्रणेता बिरसा मुंडा की स्मृति को अक्षुण बनाने कार्य किया जाये उसी के परिपालन में पूरे देश के जंगलों को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचाई जाए क्योंकि पर्यावरण के बिगड़ने से जीव जंतुओं का जीवन बेकार हो जाएंगे । आज की बैठक में संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी, जिला अध्यक्ष नेम सिंह मरकाम, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष अजय झारिया, रमेश बोहित,डॉक्टर घनश्याम यादव,मुकेश गिरी,हनुमतसिंह धूमकेती,जगतसिंह परते,अमीरसाय परते,मुक्तेश्वर राव,शिवाजी धुर्वे, संजय कुमार,भानसिंह तेकाम,गयाप्रसाद धुर्वे आदि उपस्थित थे।



# इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष बने एडवोकेट पन्नालाल त्रिपाठी

**जबलपुर**। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की राज्य स्तरीय बैठक पार्टी के पुर्नगठन सदस्यता अभियान आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में विचार विमर्श एवं राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को मनोनीत करने के संबंध में विचार आदि विषयों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. पुरूषोत्तम तिवारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कटनी जिले के अधिवक्ता पन्नालाल त्रिपाठी जी को इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं आदित्यराज कोबरा इटारसी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया मध्यप्रदेश के 55 जिलों में नई जिला स्तर की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। माह फरवरी से भारत विज़न के माध्यम से जनता को अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करायेंगे। दिनाँक 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला तहसील ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम पार्टी पदाधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। 26 जनवरी से 26 फरवरी तक लोकतंत्र के सेनानी सम्मान से जिला तहसील ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति का अभिनंदन करेंगे। जिला स्तर पर क्षेत्रीय समस्याओं को सुनने के लिए पीपुल्स संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह आयोजित किया जायेगा।

# खटवानी किआ में सोनेट का नया अवतार लांच



**जबलपुर**। भारत की अग्रणी मास प्रीमियम कार निर्माता किआ ने भारत में पहली बार अपने दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन, द न्यू सोनेट का नया अवतार पेश किया है। अधिक मजबूत और स्पोर्टी सोनेट को आधुनिक जोड़ों और पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जो तकनीक-प्रेमी हैं और वन-स्टॉप गतिशीलता समाधान की तलाश में हैं। इसमें ADAS को 10 स्वायत्त सुविधाओं के साथ पैक किया गया है, जिनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट (FCA), लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट (LVDA) और लेन फॉलोइंग असिस्ट (LFA) शामिल हैं। मजबूत 15 हाई-सेफ्टी सुविधाओं के साथ अब 25 से अधिक सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है। नई सोनेट अपने सेगमेंट में 15 मानक सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करने वाली एकमात्र कॉम्पैक्ट एसयूवी भी बन गई है। इसके अलावा यह 10 सर्वश्रेष्ठ-इन सेगमेंट सुविधाओं को होस्ट करता है, जिनमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिजाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, ऑल डोर पावर विंडो वन टच ऑटो अप/डाउन और वायरस और बैक्टीरिया सुरक्षा के साथ स्मार्टप्योर एयर प्यूरीफायर शामिल है।

# श्रीराम महाविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव 2023-24 का शुभारंभ



**जबलपुर**। श्रीराम महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ रा.दु.वि.वि. के नवनिर्वाचित कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, साँची विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अल्केश चतुर्वेदी एवं नवनिर्वाचित विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के करकमलो से प्रारंभ हुआ। खेल महोत्सव में महाविद्यालय के प्रबंधक आर. के. करसोलिया, रामेन्द्र करसोलिया, राजुल करसोलिया एवं श्रीमती सोनम करसोलिया तिवारी के दिशा निर्देशन में डॉ एल. के. पटेल (डारेक्टर), डॉ वाय. एम. दुबे (ग्रुप डारेक्टर), कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजेश कुमार वर्मा (रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति) एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. अल्केश चतुर्वेदी एवं डॉ अभिलाष पाण्डेय द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल से होने वाले लाभों की जानकारी दी। डॉ भरत सोलंकी (प्राचार्य), डॉ आशीष गुप्ता (प्राचार्य), डॉ अतुल दुबे (डारेक्टर एसआरआईएम), प्रो. नितिन शुक्ला (एचओडी सीएस), डॉ नीलिमा शर्मा (एकेडमिक डीन), श्री हरविंदर सिंह (क्रीडा अधिकारी) एवं खेल संयोजक मधुसूदन पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल प्रस्तुतिकरण किया गया। मंच संचालन डॉ कल्पना सिंह एवं वैभव चौबे द्वारा किया है। महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम को सुचारू रूप देने में सहयोग प्रदान किया गया। 2 एमपी नेवल एन.सी.सी. कैडेट द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया गया। आज के खेल महोत्सव में चेस, कबडडी, बास्केटवॉल, महिला क्रिकेट, 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।




# मकर संक्रांति पर श्रीश्याम खिचड़ी का हुआ वितरण

**जबलपुर**। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्री श्याम महिमा मंडल के तत्वावधान में मालवीय चौक पर भगवान श्री श्याम खाटू जी का महाप्रसाद "श्री श्याम खिचड़ी का वितरण" श्री श्याम भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव पवन बागदोड़िया, अनिल भावसिंका, कैलाश अग्रवाल बब्बाजी, मनीष अग्रवाल, सुनील पोद्दार, अनूप खंडेलवाल, ओम जांगिड, श्याम खंडेलवाल, नीरज मक्कड़, मनीष भावसिंका, संतोष पोद्दार, नरेन्द्र अग्रवाल, केके सादानी, श्यामसुंदर माहेश्वरी सहित अनेक श्री श्याम भक्तों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



## खुले आसमां के नीचे श्रीराम की मूर्तियां

### सपने में आते हैं विचित्र दृश्य

ग्राम इंजरम के पटेल पंडा दुला ने बताया कि प्रशासन ने भले ही सुरक्षा के लिहाज से चार दिवारी से मूर्तियों को सुरक्षित कर दिया हो, लेकिन मंदिर को लेकर बहुत सारी दिक्कतें हैं।

# श्रीराम नहीं चाहते 'मेरा मंदिर बनें'!

## पुजारी कहते हैं कि मंदिर बनाने के विचार से ही होने लगती है तबियत खराब

**लीलाधर राठी/सुकमा।** सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले ग्राम इंजरम के ग्रामीणों को आज भी भगवान के आदेश का इंतजार है। एनएच 30 के किनारे बसे ग्राम में रखी हजारों वर्ष पुरानी भगवान राम सहित अन्य मूर्तियों को छत देने के लिए उस दिन का इंतजार हो रहा है, जब भगवान श्रीराम किसी पेरमा पुजारी के मुख से अपने मंदिर के लिए अनुमति देंगे। अभी हाल यह है कि केवल मंदिर बनाने के विचार से ही भक्तों की तबियत खराब होने लगती है। इस खौफ से खुले आसमान के नीचे रखी मूर्तियों को मंदिर में प्रतिष्ठित करने का विचार तक नहीं किया जाता।

सुकमा जिला राम वन गमन को लेकर पूर्व से ही चर्चा में रहा है। पौराणिक कथाओं के साथ-साथ लगातार मिल रहे अवशेषों में भी इस बात की पुष्टि हो रही है कि आज से हजारों वर्ष पूर्व भगवान राम इसी वनांचल क्षेत्र से लंका गये थे। वहीं शासन भी करोड़ों रुपए खर्च कर रामाराम मंदिर को संवारने की दिशा में कार्य कर रहा है।

**स्वयं भूमि से निकली मूर्तियां**

सुकमा जिले के अंतिम छोर पर स्थित इंजरम जिसका प्राचीन नाम सिंगनगुड़ा था, लेकिन भगवान राम यहां आए थे और भगवान शिव की पूजा की और प्रतिमा स्थापित की। जिसके बाद गांव का नाम बदल गया और इंजरम हो गया। बताया जाता है कि इंजरम को स्थानीय दोरली भाषा में इंजे राम वतोड़ मतलब अभी राम आऐं थे। पहले गांव का नाम सिंघनगुड़ा था लेकिन ऐसी मान्यता है कि भगवान राम यहां वनवास काल के दौरान आए थे। शबरी नदी में स्नान के बाद यहां भगवान शिव की आराधना की और प्रतिमा स्थापित की, उसके बाद वो दक्षिण की ओर बढ़े। यहां आज भी इस ग्राम में प्राचीन मूर्ति स्थापित है। यहां पर भगवान राम, सीता सहित शिव, नंदी व सप्तऋषि की भी प्रतिमा आज भी है जो स्वयं भूमि से निकली हैं।

**कई ग्रामों में पाई गई भगवान राम की प्रतिमाएं**

राम वन गमन क्षेत्र होने के कारण सुकमा जिले में कई ग्रामों में आज भी भगवान राम की प्रतिमा पाई गई है। जहां स्थानीय लोग अपने-अपने तरीके से पूजा-पाठ करते है। सुकमा जिले के रामाराम में भू-देवी की पूजा के बाद भगवान राम का अगला पड़ाव मुलाकिसोली होते हुए इंजरम था। श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास नई दिल्ली ने राम वन गमन पथ में 119वां स्थान दिया है। बताया जाता है कि भगवान राम यहां आए और उन्होंने शबरी नदी में स्नान किया, फिर भगवान शिव की आराधना की, उसके बाद यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की।

### जब तक भगवान नहीं बोलेंगे तब तक नहीं बनेगा मंदिर

ग्रामवासी व वहां के पुजारी भगवान राम के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। गांव के पंडा परिवार के सदस्य वर्षों से उक्त स्थल की पूजा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंजरम में जब भी मंदिर की स्थापना का काम शुरू होता है, तो यहां काम करने वाले मजदूर बीमार पड़ जाते है। इसलिए यहां राम की इच्छा मानकर काम छोड़ दिया जाता है और जब तक भगवान राम किसी पेरमा पुजारी या सिरहा के मुख से अनुमति नहीं देंगे, तब तक मंदिर नहीं बन पाएगा। वर्तमान में चार दिवारी के बीच प्राचीन मूर्तियां रखी हुई हैं। आस-पास के ग्रामीण पूजा-पाठ करते हैं।

### रामाराम को करेंगे पूर्ण

**कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि राम वन गमन की दृष्टि से रामाराम व इंजरम महत्वपूर्ण है। पहली प्राथमिकता रामाराम को पूर्ण करना है, उसके बाद इंजरम के ग्रामीणों से सहमति लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**



## कंप्यूटराइजेशन से की जाए प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की कार्यवाही

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### मंडी बोर्ड में ई-मंडी योजना की बैठक

मध्य प्रदेश की 39 अ-वर्ग की मंडी समितियां में ई-मंडी योजना प्रर्वत किए जाने के संबंध में आवश्यक बैठक अपर मुख्य सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में मंडी बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्रीमन शुक्ला, अपर संचालक गौतम सिंह, चंद्रशेखर वशिष्ठ, एसबी सिंह, राजाराम अहिरवार एवं सातों आंचलिक अधिकारी व मंडी सचिव उपस्थित रहे। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान की कार्यवाही का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। ई.मंडी की अवधारणा एक मंडी में संपूर्ण कार्यवाही प्रवेश, अनुबंध, तौल, बिक्री प्रमाणक, अनुज्ञा की रियल टाईम डाटा केप्चरिंग करना है।

# बच्चे फोन में करवा रहे राम-रावण युद्ध, घर-घर गेम्स से छाए श्रीराम

नई दिल्ली। अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हर ओर जोर शोर से तैयारियां हो रही हैं। डिटिजल प्लेटफॉर्म भी इससे अछूता नहीं है। यहां भी कई प्रकार के अनूठे प्रयोग हो रहे हैं। श्रीराम से जुड़े कई एंड्रायड गेम भी आ गए हैं। प्ले स्टोर पर मौजूद ये गेम फोन में जमकर डाउनलोड किए जा रहे हैं। बच्चे भी इनमें खूब रुचि ले रहे हैं। ये गेम मंदिर निर्माण से लेकर राम-रावण युद्ध और रामायण के विभन्न प्रसंगों पर तैयार किए गए हैं। आधा दर्जन गेम ऐसे हैं, जिन्हें खासा पसंद किया जा रहा है।



### लिटिल आर्चर

इस गेम की रेटिंग 4.4 तक पहुंच गई है। इसमें राम-रावण का युद्ध होता है। युद्ध के दौरान रावण की रहस्यमयी शक्तियों और सेना को दिखाया गया है। इसे अब तक एक लाख से अधिक लोग डाउनलोड कर चुके हैं।

### श्रीराम टेंपल

श्रीराम टेंपल को पांच में से 4.3 रेटिंग मिली है। इस गेम के माध्यम से लोग श्री राम टेंपल का थ्री डी निर्माण अपनी इच्छा के अनुसार कर रहे हैं। इसके निर्माण के लिए वर्चुअल औजार, जेसीबी आदि उपकरण भी दिए जाते हैं।

### लिटिल राम

लिटिल राम गेम को भी खासा पसंद किया जा रहा है। इसकी रेटिंग 4.0 है। इसमें श्रीराम को बाल रूप में दिखाया गया है। इसमें श्रीराम रावण का वध करने लिए उसका पीछा करते हैं और अंत में उसका संहार करते हैं।

### रामायण गेम्स

यह तीर-धनुष पर आधारित गेम है। इसमें राम अलग-अलग चुनौतीपूर्ण लेवल पार कर रावण का वध करते हैं। हर चरण में ये युद्ध बढ़ता जाता है। इसकी रेटिंग 4.1 है। इस भी अब तक एक लाख लोग डाउनलोड कर चुके हैं।



### राम द योद्धा

इसमें रावण रूपी बुराइयों पर तीर से निशाना लगाकर उनका संहार करना होता है। इस तरह बुराई पर अच्छाई की जीत दिखाई गई है। इसकी रेटिंग 4.2 है। अभी तक इसे 50 हजार लोग डाउनलोड कर चुके हैं।

### श्रीमंदिर गेम

इसकी भी रेटिंग 4.6 हो गई है। इसमें हिंदू पंचाग, हनुमान चालीसा, भजन, आरती एवं तमाम मंदिरों के साथ ही विभिन्न देवी देवताओं के बारे में बताया गया है। इसके अलावा 'ड्राइंग लार्ड राम' को भी यूजर पसंद कर रहे हैं। 4.2 रेटिंग वाले इस एप में नाम के अनुरूप भगवान राम की ड्राइंग आसानी से बनाई जा सकती है।

## मकर संक्रांति पर्व बाजारों में गुड़ और तिल की खुशबू

# करीब 100 टन गुड़, 50 टन तिल और 20 टन मुरमुरे की होगी खपत

वाणिज्य प्रतिनिधि भोपाल


मकर संक्रांति पर्व के चलते बाजार में गुड़ और तिल की खुशबू मंहकने लगी है,लेकिन इस बार मकर संक्रांति पर्व की सभी सामग्रियों पर महंगाई की मार भी दिख रही है। कर संक्रांति के मद्देनजर शहर के बाजारों के अलावा हाट -बाजार और सड़कों के किनारे अस्थाई मुरमुरा, लड्डू, पट्टी व तिलकुट, गुड़, तिल की दुकानें सज गई हैं। इस साल तिल के दाम बीते साल से 40 रुपए किलो है। तो गुड़ के भाव 10 रुपए किलो अधिक है। बाजारों में पट्टी और तिलकुट की मांग सबसे ज्यादा है। तिलकुट 300 रुपए प्रतिकिलो तक के भाव में बिक रहा है। तो गुड़ क्वालिटीनुसार 45 से 55 रुपए, तिल धुली 220 रुपए, बिना धुली 200 रुपए, मुरमुरा 80 रुपए प्रति किलो के भाव बिक रहा है।

**शहर में गुड़ की खूब आवक और बिक्री**

हनुमानगंज स्थित दुर्गेश ट्रेडर्स के संचालक और थोक गुड़ व्यापारी धनराज खंडेलवाल के अनुसार मकर संक्रांति के चलते इन दिनों शहर में गुड़ की खूब आवक होने के साथ ही इसकी बिक्री भी हो रही है। उनके अनुसार मकर संक्रांति के चलते पूरे भोपाल में करीब 10 टन गुड़ रोजाना बिक रहा है।

शहर में इन दिनों रोज बिक रहा 10 टन गुड़

तिलकुल 300 रुपए किलो गुड़ और लाई भी महंगे



**तिल, गुड़ के साथ लड्डू और गजक की बिक्री**

*लड्डू,गजक, बर्फी की भी बिक्री हो रही है। पिछले साल के मुकाबले इस साल मकर संक्रांति पर तिल के लड्डू महंगे पड़ेंगे, क्योंकि तिल के दाम 200 रुपए के पार हैं। जिस कारण बाजारों में तिल के लड्डू भी महंगे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल तिल व लड्डूओं के दाम 30 से 40 रुपए अधिक हैं। गुड़ के दाम भी 45 से 55 रुपए है। करेली वाला गुड़, ढल्ले वाला गुड़ की डिमांड अधिक रहती है। शहर में पिछले साल मकर संक्रांति के समय तिल के दाम 150 से 170 रुपए प्रतिकिलो थे।*

**मकर संक्रांति उदया तिथि पर 15 जनवरी को**



प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष ग्रहों की चाल इस तिथि को 15 जनवरी तक लेकर जा रही है। दरअसल सूर्य धनु से जब मकर राशि में जाती है तो इस संक्रांति को ही मकर संक्रांति कहते हैं। इस वर्ष 14 की देर रात 2.44 बजे सूर्य धनु से मकर संक्रांति में प्रवेश कर रहा है। इसलिए यह त्योहार उदया तिथि में 15 को ही मनाया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।




## एमजी मोटर इंडिया ने एस्टर 2024 पेश की

**गुरुग्राम।** ग्राहकों को ज़्यादा आकर्षक और ज़्यादा आधुनिक पेशकशों के साथ 2024 को 'ईयर ऑफ़ वाउनेस' घोषर्त किया। एमजी एस्टर 2024 के ऑल-न्यू वैरिएंट - में आधुनिक यूज़र इंटरफेस है। इनमें फ्रंट सीट वेंटटलेशन, वायरलेस चाजपर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो तथा ऑटो-डडममंग आईआरवीएम के साथ कई विशेषताएं हैं। सबसे आधुनिक एसयूवी, एमजी एस्टर 2024 अर्नी 9,98,000 रु के आकर्पक शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है। ब्रिटिश ऑटोमोबाइल (एमजी) ने अर्नी 100 साल पुरानी विरासत के साथ एमजी एस्टर 2024 का लॉन्च किया। अर्नी श्रेणी में भारत की इस सबसे आधुननक एसयूवी, नई एस्टर 2024 में कई आकर्पक फीचर्स हैं।

## क्यू टीवी पर 'मृदुल की दुनिया' का प्रीमियर आज

**मस्ती और रोमांच के साथ आएगा हँसी का तूफान**

**मुंबई।** पारिवारिक शो 'मृदुल की दुनिया' शो का प्रीमियर 15 जनवरी 2024 को रात 8:30 बजे होगा, जिसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार क्यू टीवी पर किया जाएगा। मृदुल के किरदार से आज हर कोई परिचित है, वह पहले ही करोड़ों लोगों का दिल जीत चुका है। यही वजह है कि क्यू टीवी- ज़रा हटके, पसंदीदा किरदार को अपने चैनल पर ला रहा है। मृदुल इस शो का मुख्य किरदार है, जो अपने माता-पिता और बड़े भाई नितिन के साथ रहता है। मृदुल की माँ ही उनका घर चलाती हैं और सख्ती से परिवार की देखभाल करती हैं। परिवार की दिनचर्या दिलचस्प है। जहाँ एक तरफ इसमें परिवार के सदस्यों का एक-दूसरे के प्रति प्यार देखने को मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ नोंक-झोंक भी देखने को मिलेगी, जिसे देखने के बाद दर्शक अपनी हँसी को चाहकर भी नहीं रोक सकेंगे और खुद को इस परिवार से जुड़ा हुआ पाएँगे। मृदुल के पिता भी अपने परिवार की देखभाल करते हैं, लेकिन जब पैसे की बात आती है, तो अचानक से उनका कंजूस वाला रूप सामने आ जाता है। यही वजह है कि मृदुल और नितिन को घर के खर्चों को कम करने के लिए तरह-तरह की योजनाएँ बनानी पड़ती हैं, ताकि वे अपने लिए कुछ पॉकेट मनी बचा सकें।

**आवश्यकता**


!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाए रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHAT-SAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

**बेचना**

बेचना - जमीन बेचना है जिला मुख्यालय अनूपपुर से सटे ग्राम बरबसपुर मानपुर रोड में 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन बिकाऊ है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 8435642943, 9424954403 (अनूपपुर/17/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5395



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5394 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5405

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5404 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# निगेटिव किरदार में नजर आएंगे रितेश...

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख निगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय के खिलाफ होंगे। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उप्र और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार , कुमार मंगत , अभिषेक और कृष्ण कुमार ने किया है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## झूमते हुए गिरी, हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से कम और ऊटपटांग वजहों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी अपनी बॉयफ्रेंड की वजह से तो कभी अपने सेल्फ लव को लेकर वो लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

पूरा देश अब उन्हें अटेंशन सीकर बुलाने लगा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला कई बार ऐसी हरकतें कर चुकी हैं कि अब वो अक्सर ट्रोलर्स के निशाने पर बनी रहती हैं। ऐसे में अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वो अब बुरी तरह से ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस पर नशे में होने का आरोप लगा दिया है। इतना ही नहीं उर्वशी के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का शिकार हो गए हैं। ये वीडियो एक पार्टी का है लेकिन इसमें ऐसा क्या है, जिसके वायरल होने के बाद उर्वशी रौतेला अब इतनी चर्चा में आ गई हैं चलिए जानते हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, इसमें एक्ट्रेस बुरी तरह से लड़खड़ाती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने काफी पी रखी है। अपनी मम्मी के बर्थडे पर वो याच में पार्टी कर रही हैं। उनके पापा भी साथ में झूम रहे हैं। अचानक ही उर्वशी डांस करते-करते गिर जाती हैं फिर उनसे उठा नहीं जाता। उर्वशी की मां उन्हें उठाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, कुछ वक्त लेने के बाद वो खुद से उठती हैं और फिर से झूमने लगती हैं।

हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम पर वापस लौटीं...

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है।




# निकोल ने अवॉर्ड शो में किया अकेला महसूस...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस निकोल किडमैन ने 2002 में ऑस्कर जीतने वाली रात अपने होटल के कमरे में अकेले खाना खाया था। उन्होंने सफल करियर के बावजूद अपने पर्सनल लाइफ में होने वाले 'स्ट्रगल' को याद किया। निकोल ने 2002 में ड्रामा फिल्म 'द आवर्स' में अपनी भूमिका के लिए ऑस्कर जीता था। उस वक्त वह टॉम क्रूज से तलाक लिए जाने को लेकर सुर्खियों में थी। एक्ट्रेस ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस वक्त उन्होंने अवॉर्ड शो के बाद बहुत अकेला महसूस किया और अपने होटल वापस जाने का विकल्प चुना था। डेव कार्गर की आने वाली किताब '50 ऑस्कर नाइट्स' के एक अंश में उन्होंने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ में काफी चीजों से जूझ रही थे।



# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज...

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।



# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।'

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था। अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।



# इंटीमेट सीन की हो ठोस वजह : कोंकणा



**मुंबई।** एनिमल को लेकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में कई सीन को महिला विरोधी बताया गया। अब इस पर कोंकणा सेन ने अपनी राय दी है। कोंकणा ने कहा कि उन्हें स्क्रीन पर हिंसा दिखाने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इसके पीछे कोई ठोस वजह होनी चाहिए।

यही बात इंटीमेट सीन पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, फिल्म में इसके होने का कोई कारण होना चाहिए। चाहे वह किरदारों से जुड़ा हो या किसी प्लॉट से जुड़ा हो। केवल एक बात है कि इस तरह का सीन क्यों है? डायरेक्टर की मंशा क्या है?

कोंकणा आगे कहती हैं, जहां तक मैं समझती हूं मुझसे गलती हो सकती है। मैंने एनिमल नहीं देखी है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह मेरी तरह की फिल्म है। रिव्यूज और अन्य चीजों से भी इसे देखने की मेरी इच्छा नहीं हुई। कोंकणा ने बताया कि डायरेक्टर के पहले के काम के बारे में उन्हें पता है और उन्होंने रिलेशनशिप में हिंसा दिखाने को लेकर अपना बचाव किया है लेकिन कोंकणा इसका सपोर्ट नहीं करतीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है मैं किसी भी तरह से उनकी टारगेट ऑडियंस हूं। लाखों लोग इसे देख रहे हैं इसलिए यह बहुत अच्छा चल रहा है और उन्हें मेरी जरूरत नहीं है।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन...



**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।

# एयरलाइन कंपनी पर लगाया टॉर्चर का आरोप



**मुंबई।** इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर एक एयरलाइन कंपनी पर गुस्सा निकाला है। हाल ही में, सुरभि को अपनी मां के लिए फ्लाइट के जरिए कुछ सामान भेजना था, लेकिन फ्लाइट डिले और स्टाफ के झूठे वादों से एक्ट्रेस इतना तंग आ गईं कि उन्होंने उस एयरलाइन कंपनी को सबसे बेकार बता दिया। यही नहीं, सुरभि ने कंपनी पर मेंटल टॉर्चर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टाफ ने उनके साथ बद्तमीजी की और जानकारी देने की बजाय झूठे वादे किए।

# 1933 ने देविका रानी पर फिल्माया था बॉलीवुड का पहला लंबा किसिंग सीन...

**मुंबई।** आज के समय में फिल्में हों या वेब सीरीज अभिनेत्रियां इंटीमेट सीन और लिपलॉक देने से कतराती नहीं हैं। कम ही ऐसी फिल्में होती हैं, जिनमें किसिंग सीन न फिल्माया गया हो। देखा जाए तो ये पब्लिक की डिमांड भी है, तभी तो इन सींस का बोलबाला है। दीपिका पादुकोण हो या फिर आलिया भट्ट या बात हो मल्लिका शेरावत की सभी ने किसिंग सीन दे बड़े पर्दे पर आग ही लगा दी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड का पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन किसने दिया था। हालांकि इस सीन पर बाद में विवाद भी हुआ था।

### कब फिल्माया गया ये किसिंग सीन

फिल्मों में अक्सर किसिंग सीन आते रहते हैं, जो अब आम हो गए हैं। लेकिन अगर हम बात साल 1933 की फिल्म की करें जिसमें लिप लॉक किया गया था, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। बड़े पर्दे पर पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन फिल्म कर्मा में फिल्माया गया था। ये मूवी साल 1933 में रिलीज हुई थी। किसिंग सीन



देने वाली एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि 'देविका रानी' थी। हालांकि उन्हें इस सीन को करने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पति हिमांशु राय के अपोजिट ही इस इंटीमेट सीन को किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये सीन 4 मिनट लंबा था, जिसने गदर मचा दिया था। हालांकि उस दौर में बोल्डनेस इतनी ज्यादा दिखाई नहीं देती थी। लेकिन देविका रानी ने अपनी अपार बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था।

न सिर्फ किसिंग सीन बल्कि सिगरेट और शराब पीने में भी वो आगे थीं। एक्ट्रेस के गर्म मिजाज की वजह से उन्हें ड्रैगन लेडी का नाम भी दिया गया।



ऑस्ट्रेलियन ओपन

# जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते पहले दौर का मैच, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।

मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में लगातार 29वां मैच जीता है। वहीं, टूर्नामेंट में अपना 90वां मैच जीता। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम है, जिन्होंने मेलबर्न में 102 मैच जीते है।



## वाइल्ड से फ्रेंच ओपन में हारे थे रुबलेव

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रुबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को यहां एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे। रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता। पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया।


## नोवाक को मिली टक्कर

पहला सेट उम्मीद के अनुरुप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

## ढाई घंटे में जीते सिनर

इटली के यानिक सिनर ने विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया।

## वोज्नियाकी की शानदार वापसी



महिला वर्ग में कैरोलिन वोज्नियाकी ने मां बनने के बाद अपने पहले आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 20वीं वरीयता प्राप्त माग्डा लिनेटे के मैच के दूसरे सेट में रिटायर होने से 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन वोज्नियाकी अगले दौर में पहुंची, तब वह 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं। वोज्नियाकी ने 2020 में संन्यास ले लिया था और फिर दो बच्चों के जन्म के बाद उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन में वापसी की थी। अब वह मारिया टिमोफीवा से भिड़ेंगी जिन्होंने अलीजे कोर्नेट को 6-2, 6-4 से मात दी।

## लेला ने दर्ज की जीत

आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

## रिकॉर्ड 68वें मैच में हारी कॉर्नेट

रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप




### पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारुवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

### एथलेटिक बिलबाओ तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लिगा मैच में रियल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से



एथलेटिक बिलबाओ ने तालिका में बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड जैसी बड़ी टीमों को पीछे छोड़ दिया। टीम तालिका में तीसरे स्थान पर है और चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनीं हुई है। बेरेंगुएर ने आठ मिनट (32वें और 40वें) के अंदर दो गोल कर टीम के पिछले 13 मैचों से चले आ रहे अजेय क्रम को जारी रखा।

### मुलानी के प्रदर्शन से मुंबई जीत के करीब

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने रविवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में जीत की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।



मुलानी ने पहली पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी मदद से मुंबई ने आंध्र को 72 ओवर में 184 रन पर आउट कर दिया। मुंबई ने आंध्र को फॉलोआन के लिए आमंत्रित किया। आंध्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 166 रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 47 रन की जरूरत है।

### रणजी मैच में कर्नाटक की शानदार गेंदबाजी

**अहमदाबाद।** मध्यम गति के गेंदबाज वासुकी कौशिक की अगुवाई में कर्नाटक ने मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन स्टंप तक गुजरात के 171 रन तक सात विकेट झटक लिए। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 328 रन से आगे खेलते हुए 46 रन जोड़े। सने 374 रन पर सिमटने से 110 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात की टीम पहली पारी में 264 रन पर सिमट गई थी।

लगातार दूसरी हार से चेक गणराज्य ओलंपिक क्वालीफायर की दौड़ से बाहर

# उरोज के दो गोल से चिली ने चेक गणराज्य को 6-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| रांची

मैनुएला उरोज के दो गोल की मदद से चिली ने रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के अपने दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर खुद को पेरिस खेलों की क्वालीफिकेशन की दौड़ में बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज चिली को इससे पहले शनिवार को जर्मनी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार दूसरी हार के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक गणराज्य की टीम इसके साथ ही ओलंपिक क्वालीफायर के दौड़ से बाहर हो गई।

टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उरोज ने 36वें और 47वें मिनट में मैदानी गोल किए। टीम के लिए अन्य गोल कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें), कैमिला कैरम (38वें), एंटोनियो मोरालेस ऑर्चर्ड (44वें) और मारिया माल्डोनाडो (58वें) ने किये। चिली अपने अंतिम पूल मैच में मंगलवार को जापान से भिड़ेगा जबकि चेक गणराज्य का मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर की टीम जर्मनी से होगा।



## जापान ने जर्मनी को बराबरी पर रोका

जापान ने पूल ए के दूसरे मैच में शानदार खेल दिखाते हुए दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। जर्मनी की टीम ने मैच के ज्यादातर हिस्से में दबदबा बनाया और 15 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन गोलकीपर ऐका नाकामुरा की अगुवाई वाले जापानी रक्षण को तोड़ने में विफल रही। नाकामुरा ने कुछ शानदार बचाव कर जर्मनी को दूर ही रखा। जर्मनी के लिए लिसा नोल्टे ने 30वें मिनट में मैदानी गोल से बढ़त दिलायी और जापान ने फिर मियू हासेगावा के 45वें मिनट में गोल से बराबरी हासिल की। जापान मंगलवार को अपने अंतिम पूल मैच में चिली से भिड़ेगा जबकि जर्मनी का सामना चेक गणराज्य से होगा।



## अमेरिका ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

रांची। अमेरिका शानदार फॉर्म जारी रखते हुए रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर मैच में इटली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया। शनिवार को मेजबान और दुनिया की छठे नंबर की टीम भारत को 1-0 से हराकर उलटफेर करने वाली अमेरिकी टीम के लिए एशले सेसा ने 20वें मिनट में गोल दागा और फिर एशले होफमैन ने 48वें में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। यह स्कोर निर्णायक रहा। वहीं टूर्नामेंट में दूसरी हार के बाद इटली पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हो गया। उसे शनिवार को न्यूजीलैंड के हाथों 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी। इटली की टीम ने अमेरिका के खिलाफ शानदार जज्बा दिखाया और गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाये लेकिन प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर रणनीति को कार्यान्वित नहीं करने का खामियाजा भुगता।

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में बने उपविजेता



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में हार गए। चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्हें हराया।

इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

------- बनाई 2-0 की बढ़त --------

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रन से दी मात



एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था। कीवी टीम 8 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## मार्श ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी शॉन मार्श ने रविवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बुधवार को बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के खिलाफ मेलबर्न रेनेगेड्स का मुकाबला उनका आखिरी मैच होगा। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के साथ +संन्यास ले रहे हैं। चालीस साल के मार्श ने रेनेगेड्स से जारी बयान में कहा, 'मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है। मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ शानदार लोगों से मिला हूं और जो दोस्ती मैंने बनाई है वह जीवन भर रहेगी।'



# बोल्ट ने रिकॉर्ड बनाने वाली फॉर्मूला ई कार को चलाया

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

महान धावक उसेन बोल्ट ने पिछले साल सबसे तेज फॉर्मूला ई कार का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले 'जेनबेटा' रेसिंग कार पर मेक्सिको ई प्रिक्स से पहले अपना हाथ आजमाया। 'जेनबेटा' ने 218.71 किमी प्रति घंटे की शीर्ष गति के साथ 2023 में गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया था। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन को हालांकि इस रेसिंग कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई छह फीट पांच इंच लंबे बोल्ट ने कहा कि उन्हें कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई लेकिन जल्द ही इससे सामंजस्य बिठा लिया। बोल्ट ने यहां के 'ऑटोड्रोमो हरमनोस रोड्रिग्ज सर्किट' की ट्रैक पर महज 2.89 सेकंड में 60 मील प्रति घंटे की रफ्तार हासिल कर ली। उन्होंने 4.36 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की। सौ और 200 मीटर दौड़ के विश्व रिकॉर्डधारी जमैका के इस 37 साल के पूर्व धावक ने कहा, 'यह अलग तरह का अनुभव रहा, ऐसा लगा जैसे इसके पहियों पर रॉकेट लगे हो। कार चलाते समय मुझे आश्चर्य हुआ और इसने मुझे एक अलग एहसास दिया।'

# ओलंपिक क्वालीफायर में योगेश का गोल्डन डबल

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा। योगेश सिंह ने अमित



कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह देश का सबसे शानदार प्रदर्शन है।

## मोहन बागान ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर।** ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस पेट्राटोव के अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जॉइंट्स ने रविवार को यहां कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया। मोहन बागान ने फिर से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। उसके अब दो मैच में छह अंक हो गए हैं।

**नगर पालिका नगर निगम, जबलपुर**
**जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./स. अधि./07 M.L.E.N.P.NO.112/2023-24
दिनांक -20/12/23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्रीमति शोभा यादव पति श्री शेषनाथ यादव खसरा (भवन क्रमांक 48/1 का भाग संपति कर पिन नंबर 1002845758 विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी श्री रतनलाल यादव, श्री राजेश, श्री राकेश यादव/स्व.श्री शंकरलाल यादव के कुल प्लाट रकवा/निर्मित क्षेत्रफल 2150 के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन में से विक्रय प्लाट रकवा 830 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल. 830 R.C.C व.फु एवं प्रथम तल x व.फु.पर विक्रय पत्र, वसीयत नामा, हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा, लिक प्रपत्रो, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एव दस्तावेजो के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र-07 अधारताल
नगर पालिका निगम, जबलपुर

**कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक/भू-अर्जन/49(अ-82)2023-24/582 डिण्डौरी, दिनांक 01/01/2024

**धारा - 11**
**// अधिसूचना //**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) मे वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने ( 6 ) मे उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है । अत: भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार व्यक्ति को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) मे उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध मे उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.न. | भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे.मे) | अधिनियम की धारा 12 के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| डिण्डौरी | शहपुरा | मुण्डी रैयत प.ह.न. 83 | 118.66 हेक्टयर | कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र. 2 जिला मण्डला | बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना हेतु |
| कुल | | | 118.66 हेक्टयर | | |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिस के लिए आवश्यकता है - बसानिया बहुउदेशीय परियोजना के निर्माण हेतु । (3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे मे हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mandla nic.in & wwwdindori nic.In व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट wwwmprevenue nic.in पर देखी जा सकती है।(4) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) शहपुरा या कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र. 2 मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
( विकास मिश्रा )
कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-22908/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय अपर संचालक / प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.**
Office No.- 0761-2663471Fax No - 0761 E-MAIL-petcjabalpur@gmail.com

पी. एस. सी. - 2024 प्रारंभिक परीक्षा एवं रेलवे, बैंकिंग, एस. एस. सी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये नि:शुल्क ऑफलाईन कोचिंग हेतु विज्ञापन ।

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग हेतु निम्न शर्तो के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

1. आवेदक अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग का सदस्य एवं म.प्र. का मूल निवासी हो तथा आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोंतो से वार्षिक आय 6 लाख रुपए से अधिक न हो तथा न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष हो। आवेदक ने पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण न लिया हो ।
2. प्रशिक्षण हेतु स्नातक होना आवश्यक है। प्रशिक्षण का माध्यम हिंदी होगा छात्रावास सुविधा उपलब्ध नही है। आवेदक स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या अधिक होने पर मूल टी. सी. एवं अन्य आवश्यक अभिलेख जमा करने पर नियमानुसार आवास सहायता राशि 2000/- एवं छात्रवृत्ति राशि 500/- प्रतिमाह उपस्थिती के आधार पर देय होगी।
3. कोचिंग 01.01.2024 से प्रारंभ है अत: इच्छुक छात्र / छात्राऐं दिनांक 31.01.2024 तक आवेदन कर सकतें है।

उपरोक्तानुसार आवेदक आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेन्ड्री, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाणपत्र मूल निवासी प्रमाणपत्र कोविड-19 का पूर्ण टीकाकरण का प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति डाक द्वारा प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड ) जबलपुर पिन कोड - 482008 कार्यालयीन पता अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किये जावेगें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय दूरभाष 0761-2663471 एवं मो.नं. 8889609588 (प्राचार्य) (Whats app) पर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,जबलपुर

G-22882/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




## लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा व आस्था की डुबकी

# मकर संक्राति पर आज भी नर्मदा तटों पर उमड़ेगी भीड़

**जबलपुर।** मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी रविवार को शहर में पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुण्य सलिला पावन मां नर्मदा के तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बार मकर संक्राति शाम से प्रारंभ होने के कारण आज 15 जनवरी को भी नर्मदा तटों पर डुबकी लगेगी। रविवार को भी नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। भगवान सूर्य देव की उपासना के इस पर्व पर हवन पूजन और भंडारों के आयोजन भी हुआ। गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में संक्रंति पर्व पर कड़ाके की ठंड के बावजूद नर्मदा स्नान करने वाले श्रद्दालुओं ने तड़के 4 बजे से नर्मदा में डुबकी लगाना प्रारंभ कर दिया था। ज्यो-ज्यों दिन चढ़ता गया त्यों-त्यों नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। गौरीघाट और तिलवाराघाट में भीड़ का आलम यह था कि घाटों पर पैर रखने की जगह नहीं थी। सुबह 9 बजे से सुख सागर वैली के पास से ही वाहनों को रोक दिया गया था। जबकि चौपाया बड़े वाहनों को रेल्वे फाटक के पार नहीं जाने दिया गया। पुलिस ने रेतनाका, गौरीघाट बस स्टेण्ड और झंडाचौक में बैरीकेटिंग करके रखी थी।

शनैः-शनैः मकर संक्रांति पर्व भी आधुनिकता में शामिल हो गया है। पहले नर्मदा तटों के किनारे बड़े-बड़े टेंट लगा करते थे और ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में बैलगाड़ियों में सवार होकर नर्मदा तटों की ओर भजन कीर्तन करते चले आते थे। गौधूलि बेला में बैलों के गले में पड़ी घंटियों की गूंज और उनके पैरों के खुर से उड़ती धूल मकर संक्रांति के आने की आहट सुना देती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। यद्यपि संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कूम्ही सतधारा (सिहोरा), बरमान (नरसिंहपुर), डिंडौरी (मण्डला) के नर्मदा तटों पर अभी भी मेले भरते हैं। पहले मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा के बरमान घाट और जबलपुर के तिलवारा घाट का विशेष महत्व था। अब ग्वारीघाट, तिलवारा, लम्हेटा, भेड़ाघाट आदि सभी तटों पर मकर संक्रांति के मेले में लोग वाहनों से पहुंचकर स्नान ध्यान कर लौट पड़ते हैं। कभी यह मेला हफ्तों चला करता था। मकर संक्रांति पर्व पर तिल का लेप लगाकर स्नान करने और तिल व गुड़ से बनी वस्तुओं का दान और सेवन करने का विशेष महत्व है।



### दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ा

भीड़ का आलम यह था कि वाहनों को गौरीघाट में रेतनाका के पहले सुखसागर वैली के पास ही रोक दिया गया। इसी प्रकार तिलवाराघाट में भी घाट से दो किलोमीटर पहले टेम्पो, ऑटो, कार, टैक्सी आदि चौपाया वाहनों को रोक दिया गया था। श्रद्धालुओं को 1 से 2 किलोमीटर तक पैदल चलकर घाट तक पहुंचना पड़ा।

### घाटों में सुरक्षा के इंतजाम, नहीं चलेगी नाव

जिला व पुलिस प्रशासन और नगर निगम ने मकर संक्रांति के दिन पिछले कुछ वर्ष पूर्व हुई दुखद दुर्घटना के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। साथ ही नाविकों की बैठक लेकर तीन दिन तक नाव संचालन पूर्णत बंद करने का निर्णय भी लिया है। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर और एसएएफ के तैराक मौजूद रहेंगे। मोटर बोट से गोताखोर निगरानी करेंगे। वहीं सुरक्षा कानून व्यवस्था के लिये जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई।

### ठंड में सुबह 4 बजे से लोगों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था

मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से ही नर्मदा तटों की ओर श्रद्धालुओं का जाना प्रारंभ हो गया था। सूर्येदय के बाद भीड़ का बढ़ना प्रारंभ हुआ और दोपहर 12 बजे तक पावन नर्मदा नदी के तट गौरीघाट और तिलवाराघाट हाउसफुल हो गये थे। बहुत सारे लोग भीड़ को देखकर भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट की ओर मुड़ने लगे वहीं जो लोग हिम्मत हार गये या भीड़ से घबरा गये वे अपने घरों को लौट पड़े थे। देर शाम तक नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ बनी रही। लोगों ने स्नान ध्यान कर तिल गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाया और गरीबों को खिचड़ी दान की।

# बेलखेड़ा में विंध्याचल एवं श्रीधाम में गरीब रथ का हाल्ट शुरु

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के नरसिंहपुर स्टेशन के निकट बेलखेड़ा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 11271 एवं 11272 को ठहराव के उपरांत हरी झंडी दिखाकर बेलखेड़ा स्टेशन से केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मंडला के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने गंतव्य की ओर रवाना किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सांसद कुलस्ते ने कहा कि बेलखेड़ा स्टेशन पर मकर संक्रांति की पूर्व संध्या में इस ट्रेन का स्टॉपेज किया जा रहा है एवं स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के क्षेत्र पर वृद्धि की जा रही है एवं हर क्षेत्र पर वंदे भारत एक्सप्रेस को बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक गोटेगांव, महेन्द्र नागेश, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, रेलवे के एसीएम गुन्नार सिंह, स्टेशन प्रबंधक नरसिंहपुर प्रमोद कुमार स्वामी, सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इसी कड़ी में जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले श्रीधाम स्टेशन पर गत 13 जनवरी से जबलपुर से मुंबई के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव प्रारंभ हो गया है। श्रीधाम स्टेशन पर आयोजित इस ठहराव समारोह में मंडला के सांसद एवं केन्द्राrय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा ट्रेन के ठहराव समारोह में उपस्थित होकर ट्रेन के ठहराव उपरांत उसे हरी झंडी दिखाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सांसद कुलस्ते ने कहा कि श्रीधाम स्टेशन पर जनता की मांग पर गरीब रथ एक्सप्रेस सहित बेलखेड़ा में विंध्याचल एक्सप्रेस का भी ठहराव रेल प्रशासन ने मंजूर कर दिया है। जिसके तहत गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12187 एवं 12188 का ठहराव प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं यात्री आदि ने इस उपलब्धि के लिए सांसद कुलस्ते का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। समारोह के प्रारंभ में जबलपुर रेल मंडल की ओर से मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने ने सांसद कुलस्ते सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में सोने ने इस ठहराव के लिए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं विधायक महेंद्र नागेश के द्वारा रेलवे को दिए गए सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सभा के उपरांत आभार प्रदर्शन सोने द्वारा व्यक्त किया गया।

# 51 हजार दीपों से होगा मां नर्मदा का श्रृंगार

## लोक निर्माण मंत्री ने की मंदिरों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**जबलपुर।** मप्र के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह द्वारा रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गौतम जी की मडिया स्थित संकट मोचन मंदिर पहुंचकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। मंदिरों में साफ सफाई की व्यवस्था नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त प्रीति किया। अभियान के दौरान चर्चा में उन्होंने बताया कि श्रम दान करना कोई नई बात नहीं है। नई बात यह है कि आगामी 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्य को कर रहे हैं। लगभग साढ़े 500 सालो के बाद यह अवसर पूरी दुनिया में सनातन धर्म मानने वाले लोगों को मिला है कि वे इसके साक्षी बन सके।लेकिन यह अवसर एक घटना मात्र नहीं है। इस अवसर के साथ जिस तरह लोगों की आस्था, भावना और श्रद्धा है। प्रधानमंत्री ने आवाहन किया है कि हम सब उसको उसी रूप में जोड़े। मंत्री राकेश सिंह ने बताया इसलिए तय किया गया था कि आज 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से हम अलग-अलग मंदिरों में साफ सफाई का अभियान चलाएंगे । सिंह ने कहा प्रधानमंत्री ने आवाहन किया है कि प्रभु श्री राम जब अपने मंदिर में विराजमान होंगे, वह पल वह समय वह दिन हमें दीपावली की तरह मनाना है। क्योंकि दीपावली की शुरुआत तभी हुई थी जब लंका पर विजय के उपरांत प्रभु श्री राम अयोध्या वापस आए थे। और एक बार फिर से साढ़े 500 सालों के बाद वह अपने मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हमने तय किया है कि नर्मदा तट पर 51 हजार दीपों के साथ नर्मदा मां का श्रृंगार किया जाएगा। यहां विशेष रूप से नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रिया संजय तिवारी, पंकज दुबे, संदीप जैन, अभय सिंह ठाकुर, संदीप सिंह राठौर, कौशल सूरी, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, श्रीमती अंजू सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# सिवनी से राजस्थान किये गये तबादले पर रोक

## हाईकोर्ट से बैंक अधिकारी को मिली बड़ी राहत

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय ने सिवनी में कार्यरत बैंक अधिकारी का राजस्थान के भीड़वाड़ा किये गये तबादले पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता द्वारा पूर्व में हाईकोर्ट की एकल पीठ में तबादले को चुनौती दी गई थी। जिसपर जस्टिस अहलुवालिया की एकल पीठ ने याचिका निरस्त कर दी थी। इसके बाद याचिकाकर्ता द्वारा डबल बैंच में तबादला आदेश को चुनौती दी गई। इस याचिका पर सुनवाई करते हुये चीफ जस्टिस रवि मलिमथ एवं जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को निरस्त करते हुए बैंक प्रबंधन द्वारा 22 सितंबर 2023 को जारी आदेश पर रोक लगा दी। बैंक प्रबंधन द्वारा दिए गए जवाब पर अंतिम सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने न्यायालय का ध्यानाकर्षित करते हुए बताया कि किसी भी बैंक अधिकारी को संपूर्ण सेवाकाल के दौरान 2 बार रिक्वेस्ट ट्रांसफर स्वीकृत करने का प्रावधान ट्रांसफर पॉलिसी के पैरा 8.8 में दिया गया है, अतः बैंक के आला अधिकारी ने लापरवाही पूर्वक दुर्भावना से ट्रांसफर पॉलिसी का उल्लंघन कर याचिकाकर्ता आशीष साहू का सिवनी से भीलवाड़ा(राजस्थान) ट्रांसफर किया गया हैं। श्री साहू के आवेदन को बिना विधिक कारण बताए रिक्वेस्ट ट्रांसफर अस्वीकार किया गया हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने बताया कि याचिकाकर्ता आशीष साहू के पिता 75 वर्ष के हैं जिन्हें पैरालिसिस का सीवर अटैक है जिसकी देखभाल करने के लिए भी याचिकाकर्ता एकमात्र पुत्र है जो छिंदवाड़ा में बीमार पिता की देखभाल कर सकेंगे।याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं के तर्कों से सहमत होते हुए बैंक की पॉलिसी 8.8 के अंतर्गत 1 सप्ताह के अंदर याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन स्वीकार करते हुए एवं सिवनी शाखा में ही पदस्थ करते हुए आदेश जारी किया एवं 17 जून 2023 को किया गया ट्रांसफर ऑर्डर निरस्त करते हुए मामले का निराकरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी एवं अमित चौधरी ने पैरवी की।



## अधिकतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी

# पारे में उछाल फिर भी ठंड बरकरार



**जबलपुर।** मौसम साफ होने के बाद अच्छी धूप खिलने से दिन में ठंड से राहत मिली, लेकिन रात में ठंड का सितम जारी रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर हो गया है। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा, कहीं-कहीं कोहरा छा सकता है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी होगी। अभी दिन और रात का तापमान दोनों उछाल ले रहा है। दिन में मौसम सामान्य है, जबकी सूर्यास्त के बाद धीरे धीरे ठंड गहराने लगती है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 2602 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया, इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 12]06 डिग्री सेल्सियस डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रात काल 82 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी हवाएं 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.45 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.7 डिग्री तापमान सिंगरौली में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.07 और न्यूनतम तापमान 12.02डिग्री दर्ज किया गया था।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

जबलपुर। संजीवनी नगर थानांतर्गत तीन दिनों पूर्व बेलगाम वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध ने सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर प्रकरण जाँच में लिया गया। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि शाहनाला तिलवारा निवासी सुदामा प्रसाद सेन को गत 10 जनवरी की रात लगभग 8.45 बजे जबाली होटल के सामने तेज रफ्तार वाहन क्रमांक एमपी 20 एल बी 0764 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी थी। घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

## साड़ी के फंदे से फांसी लगाई

जबलपुर। चरगवां थानांतर्गत ग्राम भीकमपुर में कल देर रात एक मजदूर ने घर में पंखे की रॉड से साड़ी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने देखा कि युवक मृत हालत में सीलिंग फेन समेत जमीन पर गिरा था। मृतक के गले में साड़ी बंधी थी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया। चरगवां पुलिस ने बताया कि ग्राम भीमकमपुर में रहने वाले फागूलाल बर्मन दो माह पूर्व मजदूरी करने पुणे महाराष्ट्र चले गये थे। घर पर उसका छोटा भाई सीताराम बर्मन व उसकी पत्नी श्रीमती अंशोबाई व भतीजा दुर्गेश बर्मन रहता था।

## महिला को यूपीआई भेजकर 18 हजार हड़पे

# डाकघर मैनेजर बनकर की ठगी

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में ऑनलाईन धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। एक जालसाज ने डॉक घर मेनेजर बनकर महिला के मोबाईल पर यूपीआई नम्बर भेजा और उसमें पहले 30 हजार रुपये डाले फिर राशी ज्यादा ट्रांस्फर हो जाने का झांसा देकर 18 हजार रुपया वापस करने कहा, जबकी राशी डालने का एसएमएस फर्जी था। इस तरह से जाल साज ने महीला के अकाउंट से 18 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांस्फर करा लिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जजेज कालोनी गोकलपुर निवासी 46 वर्षीय श्रीमति पूर्णिमा दीवान ने रांझी थाने में एक लिखित शिकायत दी। जिसमें कहा गया कि गत दो जनवरी को उनके मोबाईल पर एक कॉल आया, जिसमें काल करने वाले ने कहा कि वह डाक घर मैनेजर बोल रहा है। आपका पुत्र अभी राशि आहरण हेतु डाकघर आया था हमारे डाकघर में कैश शर्टेज है इसलिये मैं आपको उक्त 12 हजार रूपये की राशि आनलाईन पेमेण्ट कर रहा हू, जिसके बाद उस व्यक्ति द्वारा उसके अकाउण्ट में रूपये 30 हजार 333 रूपये डालने की बात कही जिसका मैसेज उसके मैसेज बाक्स में आया था उसके बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा बताया कि आपके अकाउण्ट में 18 हजार रूपये अतिरिक्त डल गये हैं एवं उसे एक यूपीआईडी भेजा तथा भेजे गये यूपीआईडी पर 18 हजार रूपये भेजने हेतु कहा उसके द्वारा उक्त यूपीआईडी पर 18 हजार रूपये जमा कराये गये जिसके पश्चात उसने उपरोक्त के संबंध में संदेह होने पर अपने बेटे के माध्यम से पता कराया तब डाकघर प्रभारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कोई राशि नहीं भेजी गयी है नही इस सम्बंध में कोई चर्चा की गई हैं । संबंधित बैंक में पता करने पर ज्ञात हुआ कि उसके बैंक खाते में कोई राशि क्रेडिट नहीं हुयी है तथा समस्त एस एम एस संदेश जो राशि से संबंधित हैं वो फर्जी हैं ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240